# विषयवार अभ्यास प्रश्न

# संविधान का विकास, निर्माण तथा प्रस्तावना

**1.** संविधान सभा के निर्वाचक मंडल को किन-किन वर्गों में विभाजित किया गया?

(a) हिन्दू, मुस्लिम, सिख, ईसाई
(b) हिन्दू, मुस्लिम, सिख, दलित
(c) मुस्लिम, सिख, दलित, साधारण
(d) मुस्लिम, सिख, साधारण

**2.** 15 अगस्त, 1947 से 26 जनवरी 1950 के दौरान भारत का राजनैतिक दर्जा क्या था?

(a) ब्रिटिश उपनिवेश
(b) ब्रिटिश संरक्षण प्रदेश
(c) ब्रिटिश परिसंघ
(d) ब्रिटिश राष्ट्रकुल का एक अधिराज

**3.** निम्न को सुमेलित कीजिए-

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| A. संविधान सभा का स्थायी अध्यक्ष | 1. जवाहर लाल नेहरू |
| B. संविधान सभा का अस्थायी अध्यक्ष | 2. डा. भीमराव अंबेडकर |
| C. प्रारूप समिति का अध्यक्ष | 3. सच्चिदानंद सिन्हा |
| D. अंतरिम सरकार का अध्यक्ष | 4. राजेन्द्र प्रसाद |

**कूट:**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (b) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (c) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (d) | 4 | 3 | 1 | 2 |

**4.** निम्नलिखित में क्या असत्य है?

(a) बी. एन. राव संविधान सभा की परामर्श समिति के सलाहकार थे।
(b) संविधान सभा में सर्वाधिक प्रतिनिधि संयुक्त प्रांत से थे।
(c) कैबिनेट मिशन ने भारत विभाजन की योजना प्रस्तुत की थी।
(d) मूल अधिकार एवं अल्पसंख्यक समिति में 54 सदस्य थे।

**5.** **कथन (A)**-मुस्लिम लीग ने संविधान सभा के चुनावों में भाग लिया।

**कारण (R)**-कैबिनेट मिशन ने उसकी पाकिस्तान की मांग मान ली थी।

(a) (A) तथा (R) दोनों सही है (R),(A) की सही व्याख्या करता है।
(b) (A) तथा (R) दोनों सही हैं (R),(A) की सही व्याख्या नहीं करता है।
(c) (A) सही है (R) गलत है।
(d) (A) गलत है (R) सही है।

**6.** भारतीय संविधान के अंतर्गत पंथनिरपेक्षता का निम्न में से एक भाव नहीं है-

(a) राज्य सभी धर्मों को एक समान सम्मान देता है।
(b) राज्य सभी धर्मों को वित्तीय सहायता देने में भेदभाव नहीं करता।
(c) राज्य सभी धर्मों के लिए धार्मिक स्मारक बनाता है।
(d) राज्य सभी धर्मों को अपने मामलों के प्रबंध करने का अधिकार देता है।

**7.** सूची-I (भारतीय संविधान के मद) को सूची-II (जिस देश से अपनाया गया) के साथ सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट की सहायता से सही उत्तर का चयन करें-

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| A. राज्य के नीतिनिदेशक सिद्धांत | 1. ऑस्ट्रेलिया |
| | 2. कनाडा |
| B. मूल अधिकार | 3. आयरलैण्ड |
| C. संघ राज्य संबंधों की | 4. यूनाइटेड किंगडम |
| D. समवर्ती सूची | 5. सं.रा. अमेरिका |

**कूट:**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 5 | 4 | 1 | 2 |
| (b) | 3 | 5 | 2 | 1 |
| (c) | 5 | 4 | 2 | 1 |
| (d) | 3 | 5 | 1 | 2 |

**8.** भारतीय स्वतंत्रता अधिनियम, 1947 संबंधी निम्नलिखित कथनों पर विचार करें-

1. गवर्नर जनरल संवैधानिक प्रमुखों के रूप में कार्य करेंगे तथा विधानमंडलों द्वारा पारित किसी भी विधेयक को ताज की ओर से स्वीकृति प्रदान कर सकेंगे।
2. भारत, पाकिस्तान दोनों अधिराज्यों के गवर्नर जनरल की नियुक्ति ब्रिटेन के राजा द्वारा की जायेगी।
3. जनजातीय क्षेत्रों पर ब्रिटिश शासन का नियंत्रण समाप्त कर दिया गया।

उपरोक्त कथनों में कौन से कथन सही हैं?

(a) 1, 2, 3, 4 (b) 2, 3
(c) 1, 2, 3 (d) 1, 3

**9.** निम्नलिखित में से कौन से कथन सत्य नहीं हैं?

1. कैबिनेट मिशन आयोग ने सर्वप्रथम अपने प्रस्ताव में 'संविधान' की बात कही थी।
2. 1947 के भारत शासन अधिनियम के तहत् राज्य सचिव का पद समाप्त कर दिया गया।
3 असम में 1937 के प्रान्तीय चुनाव में कांग्रेस ने अपनी सरकार बनायी थी।

4. सर्वप्रथम 1909 के अधिनियम द्वारा भारतीय कांग्रेस द्वारा प्रतिनिधित्व की मांग को पूरा किया गया।

कूट:

(a) 1, 2, 3 (b) 1, 2, 4
(c) 2, 3, 4 (d) 1, 3, 4

**10.** कैबिनेट योजना, जिसने संविधान सभा के निर्वाचन के लिए योजना बनायी थी, के प्रावधान थे-

1. 10 लाख की जनसंख्या पर 1 स्थान निर्धारित हुआ।
2. प्रत्येक प्रांत में स्थानों का वितरण तीन समुदाय के आधार पर किया गया- मुस्लिम, हिन्दू, ईसाई।
3. प्रान्तीय विधानमंडलों में प्रत्येक समुदाय के प्रतिनिधियों ने आनुपातिक प्रतिनिधित्व के अनुसार एकल संक्रमणीय मत से सदस्यों का निर्वाचन हुआ।

उपर्युक्त में से कौन–सा/से सही है/हैं-

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1, 3 (d) 1, 2, 3

**11.** नीचे दो वक्तव्य दिए हैं-

**कथन** (A): भारत का संविधान देश की आवश्यकताओं की पूर्ति करता है।

**कारण** (R): इसको एक गृहीत संविधान कहा जाता है।

उपर्युक्त कथनों के संदर्भ में निम्न में से कौन एक सत्य है ?

(a) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) का सही स्पष्टीकरण है।
(b) (A) और (R) दोनों सत्य हैं परंतु (R), (A) का सही स्पष्टीकरण है।
(c) (A) सही है, परन्तु (R) असत्य है।
(d) (A) असत्य है, परन्तु (R) सही है।

**12.** भारतीय संसदीय प्रणाली ब्रिटिश संसदीय प्रणाली से इस बात में भिन्न है कि भारत में-

(a) वास्तविक और नाममात्र दोनों प्रकार की कार्यपालिका है
(b) सामूहिक उत्तरदायित्व की प्रणाली है
(c) द्विसदनीय विधायिका है
(d) न्यायिक पुनर्विलोकन की प्रणाली है

**13.** भारत के संविधान के आमुख लक्ष्य उसके सभी नागरिकों के लिये सुनिश्चित करना है-

1. सामाजिक तथा आर्थिक न्याय
2. विचार तथा अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता
3. अवसर की समानता
4. व्यक्ति की गरिमा

सही कूट का चयन करें-

(a) 1 और 2 (b) 1, 2 और 3
(c) 2, 3 और 4 (d) उपरोक्त सभी

**14.** भारतीय परिषद् अधिनियम, 1919 के निम्नलिखित प्रावधानों पर विचार कीजिए-

1. इस अधिनियम द्वारा केन्द्र में द्विसदनीय विधायिका स्थापित हुयी।
2. प्रान्तों में द्वैध शासन की शुरुआत की गयी।
3. इस अधिनियम द्वारा भारतीय 'उच्चायुक्त' का पद समाप्त कर दिया गया।

उपरोक्त में से कौन–सा/से कथन सत्य है/हैं ?

(a) 1, 2 (b) 1, 2, 3
(c) 1, 3 (d) केवल 1

**15.** संविधान की प्रस्तावना में शामिल है-

1. सम्पूर्ण प्रभुत्व सम्पन्न 2. समाजवादी
3. पंथ निरपेक्ष 4. लोकतंत्रत्मक गणराज्य
5. राजतंत्रीय शासन

उपरोक्त कथनों में से कौन–सा/से सही है/हैं ?

(a) 1, 2, 3 और 4 (b) 1, 2 और 3
(c) 1, 2, 3, 4 और 5 (d) 1, 4 और 5

**16.** संविधान की प्रस्तावना में किसे शामिल किया गया ?

1. सामाजिक न्याय 2. आर्थिक न्याय
3. राजनीतिक न्याय 4. शैक्षणिक न्याय
5. मानवाधिकार

(a) 1 और 2 (b) 1 और 3
(c) 1, 2 और 3 (d) 3, 4 और 5

**17.** संविधान की प्रस्तावना के संबंध में सही है-

(a) राष्ट्र की गरिमा और एकता
(b) व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता
(c) एकता, अखंडता, राष्ट्र की गरिमा
(d) इनमें से कोई नहीं

**18.** संविधान की प्रस्तावना में एकता व अखंडता, समाजवादी पंथनिरपेक्षता शब्द किस संविधान संशोधन द्वारा जोड़ा गया ?

(a) 49वें संशोधन (b) 40वें संशोधन
(c) 41वें संशोधन (d) 42वें संशोधन

**19.** भारतीय संविधान की प्रस्तावना में भारत शब्द का प्रयोग कितनी बार किया गया है ?

(a) एक (b) दो
(c) तीन (d) चार

**20.** संविधान की प्रस्तावना के सम्बन्ध में क्या सही है।
(a) यह न्यायालय के द्वारा प्रवर्तनीय नहीं है।
(b) सर्वोच्च न्यायालय के हाल के निर्णय के अनुसार यह संविधान का भाग नहीं है।
(c) इसमें दो बार संशोधन किया गया है।
(d) उपर्युक्त सभी सही हैं।

**21.** संविधान की प्रस्तावना के शब्दों का सही अनुक्रम है-
(a) संप्रभु, प्रजातांत्रिक, समाजवादी, पंथनिरपेक्ष, गणतंत्र
(b) संप्रभु, समाजवादी, प्रजातांत्रिक, पंथनिरपेक्ष गणतंत्र
(c) संप्रभु, समाजवादी, पंथनिरपेक्ष, प्रजातांत्रिक गणतंत्र
(d) संप्रभु, पंथनिरपेक्ष, प्रजातांत्रिक, समाजवादी गणतंत्र

**22.** प्रस्तावना में वर्णित, 'स्वतंत्रता, समानता और बन्धुत्व' के आदर्श प्रेरित है-
(a) रूसी क्रांति से
(b) आइरिश क्रांति से
(c) फ्रांसीसी क्रांति से
(d) अमेरिकी संविधान से

## उत्तरमाला

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **1.** (d) | **2.** (b) | **3.** (b) | **4.** (c) | **5.** (c) | **6.** (c) | **7.** (d) | **8.** (b) | **9.** (b) | **10.** (c) |
| **11.** (b) | **12.** (d) | **13.** (d) | **14.** (a) | **15.** (a) | **16.** (c) | **17.** (b) | **18.** (d) | **19.** (b) | **20.** (a) |
| **21.** (c) | **22.** (c) | | | | | | | | |

# संघ एवं राज्य क्षेत्र

1. निम्नलिखित में कौन-सा कथन असत्य है ?
   (a) भारत अर्थात् इंडिया राज्यों का संघ होगा अर्थात भारत को दो नामों से जाना जाता है भारत व इंडिया।
   (b) संविधान में संघ शब्द का उल्लेख नहीं हुआ है बल्कि इसकी जगह राज्यों का संघ कहा गया है
   (c) भारत का संघवाद संघ की इकाइयों के बीच समझौते का परिणाम नहीं है
   (d) राज्यों को स्वेच्छाकारी संघ से पृथक और स्वतंत्र रहने का अधिकार दिया गया है

2. 1936 में किसकी अनुशंसा पर धर्म के आधार पर सिंध प्रांत का गठन किया गया ?
   (a) साइमन कमीशन
   (b) वुडनिल आयोग
   (c) हरबर्ट रिजले आयोग
   (d) भारतीय संवैधानिक सुधार संयुक्त समिति

3. 1905 में किसकी अनुशंसा पर बंगाल का विभाजन किया गया तदोपरांत 1911 में इसे रद्द कर दिया गया ?
   (a) साइमन कमीशन
   (b) वुडनिल आयोग
   (c) हरबर्ट रिजले आयोग
   (d) भारतीय संवैधानिक सुधार संयुक्त समिति

4. देशी रियासतों के संदर्भ में सत्य कथनों का कूट बनाएं
   1. स्वतंत्रता प्राप्ति के समय भारत में 565 स्वतंत्र देशी रियासतें अस्तित्व में थी जिसमें भारत का लगभग 48 प्रतिशत क्षेत्र और 20 प्रतिशत जनसंख्या शामिल है।
   2. 22 जून 1947 को भारत सरकार द्वारा सरदार पटेल के नेतृत्व में रियासत मंत्रालय बनाया गया।
   3. 15 अगस्त 1947 तक हैदराबाद, जूनागढ़ तथा कश्मीर को छोड़कर अन्य सभी रियासतों ने विलय की सहमति पर हस्ताक्षर कर दिए थे।

   सत्य कथनों का कूट बनाएं-
   (a) 1 व 2 (b) 1, 2 और 3
   (c) 1 और 3 (d) केवल 1

5. भारत में देशी रियासतों के विलय के संबंध में कौन असंगत है ?
   (a) जूनागढ़—भारत में जनमत संग्रह द्वारा विलय
   (b) हैदराबाद—सैनिक कार्यवाही द्वारा विलय
   (c) जम्मू और कश्मीर—समझौते द्वारा भारत में विलय
   (d) मणिपुर—पुलिस कार्यवाही द्वारा भारत में विलय

6. निम्नलिखित में कौन-सा कथन गलत है ?
   (a) 1950 में भारत में कुल चार प्रकार के राज्य थे।
   (b) 1956 में भारत में दो प्रकार के राज्य थे।
   (c) आजादी से पहले भारत में अंग्रेजों का शासन त्रिस्तरीय प्रणाली आधारित था।
   (d) वर्तमान समय में भारत में कुल दो प्रकार के राज्य हैं—राज्यों के राज्य क्षेत्र एवं संघ राज्य क्षेत्र

7. राज्य में दूसरे सदन की स्थापना या उसे रद्द करने से संबंधित कौन-सी सही विधि है ?
   (a) संसद द्वारा साधारण बहुमत से पारित प्रस्ताव द्वारा
   (b) संबंधित राज्य की विधानसभा द्वारा पूर्ण बहुमत से पारित प्रस्ताव द्वारा
   (c) संबंधित राज्य की विधान सभा द्वारा साधारण बहुमत से पारित प्रस्ताव ओर विधि द्वारा
   (d) लोकसभा द्वारा पूर्ण बहुमत से पारित प्रस्ताव द्वारा।

8. कौन असंगत है ?
   (a) धर आयोग—1947
   (b) जे.वी.पी. आयोग—1948
   (c) राज्य पुनर्गठन आयोग—1953
   (d) साइमन कमीशन—1927

9. निम्नलिखित कथनों में से कौन.सा एक गलत है ?
   (a) गोवा को 1987 में पूर्ण राज्य का दर्जा प्राप्त हुआ
   (b) दीव खंभात की खाड़ी में एक टापू है
   (c) दमन और दीव को भारत के संविधान के 56वें संशोधन द्वारा गोवा से अलग किया गया
   (d) दादरा और नगर हवेली 1954 तक फ्रांसीसी औपनिवेशिक शासन के अंतर्गत थे

10. भारतीय संविधान के अनुच्छेद तीन में दिए गए कथन का परीक्षण करें-
    (a) संसद नए राज्यों का निर्माण कर सकती है।
    (b) संसद राज्यों का क्षेत्र परिवर्तन कर सकती है।
    (c) a और b दोनों
    (d) इनमें से कोई नहीं

11. भारतीय संसद को कौन सी शक्तियाँ प्राप्त हैं ?
    1. संसद राज्यों की सीमाएं बदल सकती हैं।
    2. संसद संविधान में संशोधन कर सकती है।
    3. कुछ परिस्थितियों में संसद को राज्य सूची में दिए गए विषयों से संबंधित कानून बनाने का अधिकार है।
    4. संसद नियम बनाकर राज्यों को संघ से अलग होने का अधिकार दे सकती है।

    उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?
    (a) 1, 2, 3 (b) 2, 3, 4
    (c) 1, 3, 4 (d) 1, 2, 3, 4

**12.** निम्नलिखित में से किस राज्य/केन्द्र शासित प्रदेश का नाम पुराना नहीं है ?
(a) कर्नाटक—मैसूर
(b) तमिलनाडू—मद्रास
(c) लक्षद्वीप—लकाद्वीव, मीनीकॉय और अमिनीद्वीवी द्वीप
(d) मेघालय—पूर्वी पर्वतीय प्रान्त

**13.** भारत को 'राज्यों का संघ' कहा गया है क्योंकि-
(a) भारतीय संघ किसी संधि का परिणाम नहीं
(b) इसकी इकाइयों को संघ से अलग होने का अधिकार नहीं हैं
(c) a और b दोनों सही हैं।
(d) इनमें से कोई नहीं

**14.** भारत संघ में शामिल है-
1. राज्य
2. संघ शासित क्षेत्र
3. अधिगृहीत क्षेत्र

**कूट:**
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 (d) उपरोक्त सभी

**15.** निम्न में से कौन-सा कथन सही है ?
1. संसद केवल साधारण बहुमत से भारत की इकाईयों के क्षेत्र में परिवर्तन कर सकती है।
2. किसी राज्य की सीमा की पुन: बंटवारे से पहले संसद को उस राज्य की विधायिका की सम्पति लेना आवश्यक है।
3. राज्य की सीमा के पुन: बंटवारे से संबंधित विधेयक को संसद में प्रस्तुत करने से पहले राष्ट्रपति की अनुमति लेना अनिवार्य है।
4. राज्य की सीमा को बदलने वाले विधेयक की अनुशंसा करने से पहले राष्ट्रपति को उस राज्य की राय जान लेना चाहिए।

**कूट:**
(a) केवल 1 (b) 1 और 2
(c) 1, 3 और 4 (d) 1 और 3

**16.** कौन सुमेलित नहीं है ?
(a) मद्रास राज्य से आंध्र प्रदेश बना है।
(b) असम से अरुणाचल प्रदेश बना है।
(c) असम से मेघालय बना है।
(d) महाराष्ट्र से गोवा बना है।

**17.** वर्ष 1953 में, जब आंध्र राज्य एक अलग राज्य बना, तब उसकी राजधानी कौन बनी ?
(a) गुंटूर (b) कर्नूल
(c) नेल्लोर (d) वारंगल

**18.** नीचे दिए राज्यों को, भारत संघ के संपूर्ण राज्य का दर्जा प्राप्त होने का सही कालानुक्रम कौन-सा है ?
(a) सिक्किम—अरुणाचल प्रदेश—नागालैंड—हरियाणा
(b) नागालैंड—हरियाणा—सिक्किम—अरूणाचल प्रदेश
(c) सिक्किम—हरियाणा—नागालैंड—अरूणाचल प्रदेश
(d) नागालैंड—अरूणाचल प्रदेश—सिक्किम—हरियाणा

**19.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-
1. नागालैंड, असम, मणिपुर, आंध्र प्रदेश, सिक्किम, मिजोरम, अरुणाचल प्रदेश तथा गोवा की प्रादेशिक मांगों को देखते हुए भारत के संविधान में अन्तर्विष्ट किए गए।
2. भारत तथा संयुक्त राज्य अमरीका के संविधानों में दो राजतंत्र (संघ और राज्य) हैं किन्तु नागरिकता इकहरी है।
3. कोई व्यक्ति जो देशीयकरण द्वारा भारत का नागरिक है, कभी भी अपनी नागरिकता से वंचित नहीं किया जा सकता।

**कूट:**
(a) 1, 2 और 3 (b) 1 और 3
(c) केवल 3 (d) केवल 1

**20.** भारतीय संविधान की निम्न दी गई अनुसूचियों में से कौन.सी एक राज्य के नामों की सूची तथा उनके राज्य क्षेत्रों का ब्योरा देती है ?
(a) पहली (b) दूसरी
(c) तीसरी (d) चौथी

**21.** यदि भारत संघ के एक नये राज्य का सृजन करना हो, तो संविधान की निम्नलिखित अनुसूचियों में किस एक को अवश्य संशोधित किया जाना चाहिए ?
(a) पहली (b) दूसरी
(c) तीसरी (d) चौथी

**22.** भारतीय संविधान के अनुच्छेद तीन में दिए गए कथन का परीक्षण करें-
(a) संसद नए राज्यों का निर्माण कर सकती है।
(b) संसद राज्यों का क्षेत्र परिवर्तन कर सकती है।
(c) a और b दोनों
(d) इनमें से कोई नहीं।

## उत्तरमाला

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **1.** (d) | **2.** (c) | **3.** (d) | **4.** (c) | **5.** (d) | **6.** (c) | **7.** (a) | **8.** (a) | **9.** (c) | **10.** (c) |
| **11.** (a) | **12.** (d) | **13.** (c) | **14.** (d) | **15.** (c) | **16.** (d) | **17.** (a) | **18.** (b) | **19.** (d) | **20.** (a) |
| **21.** (a) | **22.** (c) | | | | | | | | |

# नागरिकता

1. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-
   1. नागालैंड, असम, मणिपुर, आंध्र प्रदेश, सिक्किम, मिजोरम, अरुणाचल प्रदेश तथा गोवा की प्रादेशिक मांगों को देखते हुए भारत के संविधान में अनुच्छेद 371 (A) से लेकर 371(I) अन्तर्विष्ट किए गए।
   2. भारत तथा संयुक्त राज्य अमरीका के संविधानों में दो राजतंत्र (संघ और राज्य) हैं किन्तु नागरिकता एकल है।
   3. कोई व्यक्ति जो देशीयकरण द्वारा भारत का नागरिक है, कभी भी अपनी नागरिकता से वंचित नहीं किया जा सकता।

   उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?
   (a) 1, 2 और 3 (b) 1 और 3
   (c) केवल 3 (d) केवल 1

2. किसने कहा है 'एक नागरिक वह है जिसे राज्य के शासन में कुछ भाग प्राप्त हो और जो राज्य द्वारा प्रदान किये गए सम्मान का उपभोग करता हो'?
   (a) अरस्तु (b) मैक्यावली
   (c) श्रीनिवास (d) जवाहरलाल नेहरू

3. नागरिक से तात्पर्य है-
   (a) जिन्हें केवल राजनीतिक अधिकार प्राप्त हों
   (b) जिन्हें केवल सामाजिक तथा आर्थिक अधिकार प्राप्त हों
   (c) जिन्हें राज्य की ओर से नागरिकता के साथ-साथ राजनीतिक अधिकार प्राप्त किये जाते हों।
   (d) राजनीतिक अधिकार के अलावा सभी अधिकार प्रदान किये जाते हैं।

4. नागरिक बनने के लिए आवश्यक है-
   1. व्यक्ति राज्य का सदस्य बने
   2. नागरिक राज्य के कानूनों का पालन स्वेच्छा से करे
   3. नागरिक देश के प्रति निष्ठापूर्वक भक्ति रखने के साथ-साथ देश के लिए सदैव त्याग करने को तैयार रहे।

   (a) केवल 1 (b) केवल 2
   (c) 1 और 2 (d) 1, 2 और 3

5. नागरिकता के संबंध में विचार करें-
   1. नागरिकता संघ का विषय है
   2. नागरिकता संबंधी नियम बनाने और उन्हें लागू करने का अधिकार संसद को प्राप्त है।
   3. राज्य सरकारे भी व्यक्ति को नागरिकता प्रदान सकती है।
   4. भारत में दोहरी नागरिकता प्रदान की गई है।

   (a) 1 और 2 (b) 2 और 3
   (c) 1, 2 और 3 (d) 1, 2, 3 और 4

6. कुछ मौलिक अधिकार केवल नागरिकों को ही प्राप्त हैं-
   1. राज्य धर्म, मूल वंश, जाति, लिंग एंव जन्म स्थान के आधार पर कोई भेदभाव नहीं करेगा।
   2. राज्य द्वारा प्रदत्त नौकरियों के विषय में अवसर की समानता
   3. अनुच्छेद 19 के अंतगत प्राप्त स्वतंत्रता का अधिकार
   4. अल्पसंख्यकों के सांस्कृतिक एवं शैक्षिक अधिकार

   उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?
   (a) 1, 2, 3 (b) 2, 3 और 4
   (c) 1, 2, 3, 4 (d) 1, 3 और 4

7. 1955 के भारतीय नागरिकता अधिनियम के द्वारा नागरिकता प्राप्त की जा सकती है-
   1. जन्म से 2. वंशानुगत
   3. पंजीकरण द्वारा 4. देशीयकरण द्वारा

   उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?
   (a) 1, 2, 3 (b) 2, 3, 4
   (c) 1, 2, 3, 4 (d) 3, 4

8. नागरिकता संशोधन अधिनियम 1986 के द्वारा व्यवस्था की गई है-
   (a) भारत में जन्म लेने वाला कोई व्यक्ति यदि भारतीय नागरिक के रूप में पंजीकृत होना चाहता है तो उसे भारत में लगातार 5 वर्ष तक रहने का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।
   (b) जन्म के आधार पर मात्र उन्हीं लोगों को नागरिकता प्रदान की जा सकती है जिसके माता-पिता में से कोई एक पहले से ही भारत का नागरिक रहा हो।
   (c) देशीयकरण द्वारा नागरिकता तभी प्रदान की जाऐगी जब संबंधित व्यक्ति कम से कम 10 वर्ष तक भारत में रह चुका हो।
   (d) उपरोक्त सभी

9. सूची-I को सूची-II के साथ सुमेलित करें-

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| A. संविधान के प्रारंभ पर नागरिकता | 1. अनुच्छेद 10 |
| B. पाकिस्तान से भारत को प्रव्रजन करने वाले कुछ व्यक्तियों के नागरिकता के अधिकार | 2. अनुच्छेद 8 |
| C. भारत के बाहर रहने वाले भारतीय उद्‌भव के कुछ व्यक्तियों के नागरिकता अधिकार | 3. अनुच्छेद 6 |
| D. नागरिकता के अधिकारों का बना रहना | 4. अनुच्छेद 5 |

**कूट:**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (b) | 4 | 2 | 1 | 3 |
| (c) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (d) | 1 | 2 | 3 | 4 |

**10.** अनुच्छेद 5 के अनुसार नागरिकता के संबंध में क्या व्यवस्था है ?

(a) भारत के राज्य क्षेत्र में जन्मा हो
(b) जिसके माता या पिता में से कोई भारत के राज्य क्षेत्र में जन्मा था
(c) जो संविधान के प्रारंभ से ठीक पहले कम से कम पांच वर्ष तक भारत के राज्य क्षेत्र में अस्थायी तौर पर निवासी रहा है।
(d) उपरोक्त सभी।

**11.** भारतीय नागरिकता खत्म हो जाती है जब–

(a) कोई नागरिक विदेशी नागरिकता प्राप्त कर लेता है।
(b) वह नागरिकता का त्याग कर देता है।
(c) सरकार उसे नागरिकता से वंचित कर देती है।
(d) उपरोक्त सभी

**12.** प्रकृत्या नागरिकता प्राप्त करने वाला व्यक्ति–

(a) किसी भी देश का हो सकता है।
(b) किसी और देश की नागरिकता रख सकता है।
(c) या तो भारत में या भारत सरकार की सेवा में कम से कम 1 वर्ष तक अवश्य रहना चाहिए।
(d) केवल विशेष परिस्थितियों में ही ले सकता है।

**13.** निम्न में से किस विधि से भारतीय नागरिकता प्राप्त की जा सकती है ?

1. वंशानुगत 2. प्रकृतिकरण
3. पंजीकरण 4. जन्म

**कूट:**

(a) 1 और 4 (b) 1, 2 और 4
(c) 1, 3 और 4 (d) सभी

**14.** 26 जनवरी 1950 को या उसके बाद केरल में पैदा हुआ व्यक्ति नागरिक होगा–

(a) भारत का और उसके बाद केरल का
(b) केरल का और उसके बाद भारत का
(c) भारत का
(d) 18 वर्ष के बाद भारत का

## उत्तरमाला

**1.** (d) **2.** (a) **3.** (c) **4.** (d) **5.** (a) **6.** (c) **7.** (c) **8.** (d) **9.** (a) **10.** (d)
**11.** (d) **12.** (c) **13.** (d) **14.** (c)

# मौलिक अधिकार

1. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-
   1. भारत के संविधान के पुरुषों तथा महिलाओं द्वारा समान कार्य के लिए समान वेतन देने को बढ़ावा देने के लिए कोई प्रावधान नहीं है।
   2. भारत के संविधान में पिछड़े वर्गों को परिभाषित नहीं किया गया।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं ?

   (a) केवल 1 (b) केवल 2
   (c) दोनों 1 और 2 (d) न ही 1 और न ही 2

2. सूची-I (भारत के संविधान के अनुच्छेद) को सूची-II (उपबन्ध) के साथ सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग करते हुए सही उत्तर चुनिए-

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| A. अनुच्छेद 14 | 1. राज्य किसी नागरिक के विरुद्ध केवल धर्म, मूल वंश, जाति, लिंग, जन्मस्थान या इनमें से किसी के आधार पर कोई विभेद नहीं करेगा। |
| B. अनुच्छेद 15 | 2. राज्य, भारत के राज्य क्षेत्र में किसी व्यक्ति को विधि के समक्ष समता से या विधियों के समान संरक्षण से वंचित नहीं करेगा। |
| C. अनुच्छेद 16 | 3. 'अस्पृश्यता' का अंत किया जाता है और उसका किसी भी रूप में आचरण निषिद्ध किया जाता है |
| D. अनुच्छेद 17 | 4. राज्य के अधीन किसी पद पर नियोजन या नियुक्ति से संबंधित विषयों में सभी नागरिकों के लिए अवसर की समता होगी। |

कूटः

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (b) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (c) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (d) | 3 | 4 | 1 | 2 |

3. भारत के संविधान के निम्नलिखित कौन से अनुच्छेद में उपबन्ध है कि चौदह वर्ष से कम किसी बालक को किसी कारखाने या खान में काम करने के लिए नियोजित नहीं किया जाएगा या किसी अन्य परिसंकटमय नियोजन में नहीं लगाया जाएगा?

   (a) अनुच्छेद 24 (b) अनुच्छेद 45
   (c) अनुच्छेद 330 (d) अनुच्छेद 368

4. भारतीय संविधान में समानता का अधिकार पांच अनुच्छेदों द्वारा प्रदान किया गया है। यह हैं-

   (a) अनुच्छेद 16 से अनुच्छेद 20
   (b) अनुच्छेद 15 से अनुच्छेद 19
   (c) अनुच्छेद 14 से अनुच्छेद 18
   (d) अनुच्छेद 13 से अनुच्छेद 17

5. निम्नलिखित में से किस एक अधिकार को डॉ. बी. आर. अम्बेडकर द्वारा संविधान की आत्मा कहा गया है ?

   (a) धर्म की स्वतंत्रता का अधिकार
   (b) संपत्ति का अधिकार
   (c) समानता का अधिकार
   (d) संवैधानिक उपचारों का अधिकार

6. सूची-I (भारतीय संविधान का अनुच्छेद) को सूची-II (प्रावधान) से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिये हुए कूटों का उपयोग करते हुए उत्तर का चयन कीजिए।

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| A. अनुच्छेद 16(2) | 1. किसी भी व्यक्ति को कानून के प्राधिकार के सिवाय उसकी संपत्ति से वंचित नहीं किया जाएगा। |
| B. अनुच्छेद 29(2) | 2. किसी भी व्यक्ति के साथ उसके वंश, धर्म अथवा जाति के आधार पर सार्वजनिक नियुक्ति के मामले में भेदभाव नहीं किया जा सकता। |
| C. अनुच्छेद 30(1) | 3. सभी अल्पसंख्यकों को, चाहे वे धर्म के आधार पर हों या भाषा के आधार पर, अपनी पसंद की शैक्षिक संस्थाएँ स्थापित करने और उन्हें संचालित करने का मौलिक अधिकार होगा। |
| D. अनुच्छेद 31(1) | 4. किसी भी नागरिक को धर्म, वंश, जाति, भाषा या इनमें से किसी भी आधार पर राज्य द्वारा सम्पोषित अथवा राज्य से सहायता प्राप्त करने वाली किसी भी शैक्षिक संस्था में प्रवेश से वंचित नहीं किया जाएगा। |

कूटः

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 4 | 3 | 1 |
| (b) | 3 | 1 | 2 | 4 |
| (c) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (d) | 3 | 4 | 2 | 1 |

7. भारतीय संविधान मान्यता देता है
   (a) केवल धार्मिक अल्पसंख्यकों को
   (b) केवल भाषायी अल्पसंख्यकों को
   (c) धार्मिक और भाषायी अल्पसंख्यकों को
   (d) धार्मिक, भाषायी और नृजातीय अल्पसंख्यकों को

8. धर्म आदि के आधार पर विभेद का प्रतिषेध (भारत के संविधान का अनुच्छेद 15) एक मूल अधिकार है जिसे इसके अधीन वर्गीकृत किया जाएगा?
   (a) धर्म के स्वातंत्र्य का अधिकार
   (b) शोषण के विरुद्ध अधिकार
   (c) सांस्कृतिक और शैक्षिक अधिकार
   (d) समता का अधिकार

9. भारतीय संविधान की आधारभूत संरचना के सिद्धांत का तात्पर्य है कि-
   (a) संविधान के कुछ लक्षण ऐसे अनिवार्य हैं कि उनका संशोधन नहीं किया जा सकता।
   (b) मूल अधिकारों को न कम किया जा सकता है, न उनको छीना जा सकता है।
   (c) संविधान का संशोधन केवल अनुच्छेद 368 में विहित प्रक्रिया से ही किया जा सकता है।
   (d) संविधान की उद्देशिका का संशोधन नहीं किया जा सकता क्योंकि वह संविधान का भाग नहीं है और साथ ही वह संविधान की आत्मा को प्रतिबिंबित करती है।

10. भारत में समाचार पत्रों का स्वातंत्रय-
   (a) संविधान के अनुच्छेद 19(1)(d) में विशेष रूप से उपबंधित है।
   (b) संविधान के अनुच्छेद 19(i)(b) में प्रत्याभूत अभिव्यक्ति के व्यापक स्वातंत्र्य में निहित है।
   (c) संविधान के अनुच्छेद 361क के उपबंधों द्वारा प्रत्याभूत है।
   (d) देश में विधि के शासन के प्रवर्तन से ही उद्भूत होता है।

11. मौलिक अधिकारों को संविधान के खण्ड तीन में शामिल करने के कारणों का निम्न में से कौन व्याख्या नहीं करता है?
   1. वे भारतीयों तथा विदेशियों को समान रूप से उपलब्ध हैं।
   2. वे साधारण कानूनों से ऊपर हैं।
   3. देश के शासन में वे मौलिक हैं।
   4. वे सबसे ऊपर नहीं हैं।

   **कूट:**
   (a) 2 और 4
   (b) 1, 2 और 3
   (c) 1, 3 और 4
   (d) 3 और 4

12. मौलिक अधिकारों के संबंध में निम्न में से कौन से कथन सही नहीं हैं?
   1. कुछ अधिकार सैनिकों को उपलब्ध नहीं हैं।
   2. आपात् काल की स्थिति में उनका स्वत: निलम्बन हो जाता है।
   3. सैनिकों पर लागू करने के संबंध में केवल राष्ट्रपति निर्णय ले सकते हैं।
   4. संविधान की आधारभूत विशेषता होने के कारण उनमें संशोधन नहीं किया जा सकता।

   **कूट:**
   (a) 1 और 2 (b) 2, 3 और 4
   (c) 1 और 4 (d) उपरोक्त सभी

13. निम्न में से कौन से मौलिक अधिकार भारतीयों को तो उपलब्ध हैं लेकिन विदेशियों को नहीं?
   1. कानून के समक्ष समानता।
   2. अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता
   3. अल्पसंख्यकों को भाषा और संस्कृति के संरक्षण।
   4. जीवन एवं स्वतंत्रता की रक्षा।

   **कूट:**
   (a) 1, 2 और 4 (b) 1, 2 और 3
   (c) 2 , 3 और 4 (d) 2 और 3

14. कानून के समक्ष समानता के संदर्भ में किन परिस्थितियों में अपवाद किया गया है?
   1. राष्ट्रपति 2. राज्यपाल
   3. विदेशी राजनयिक 4. विदेशी शासक

   **कूट:**
   (a) 1, 2 और 3 (b) 1, 2 और 4
   (c) 1 और 2 (d) सभी

15. समानता के अधिकार के अंदर आते हैं-
   1. शासन द्वारा धर्म या जाति के आधार पर भेदभाव न करना।
   2. कानून के द्वारा समान रक्षा।
   3. समान कार्य के लिए समान वेतन।
   4. शासन के अंदर रोजगार के अवसरों के संबंध में समान अवसर।

   **कूट:**
   (a) सभी (b) 1, 3 और 4
   (c) 1 और 4 (d) 1, 2 और 4

16. मौलिक अधिकार मूल रूप से किनकी शक्तियों पर अंकुश लगाते हैं?
   1. कार्यपालिका 2. विधायिका
   3. व्यक्ति विशेष

   **कूट:**
   (a) केवल 1 (b) केवल 2
   (c) 1 और 2 (d) सभी

**17.** नागरिकों द्वारा अपने मूल अधिकारों की रक्षा की जा सकती है-

(a) सुप्रीम कोर्ट में जाकर जो उपयुक्त रिट जारी करती है
(b) सुप्रीम कोर्ट संसद को निर्देश देती है।
(c) कार्यपालिका न्यायालयों को सूचना देती है।
(d) इसकी रक्षा स्वत: ही हो जाती है।

**18.** सरकार में भागीदारी का अधिकार तथा उच्च पदों को प्राप्त करने में समान अवसर की अर्हता नागरिकों को प्राप्त होती है-

(a) राष्ट्रीय स्वतंत्रता से
(b) राजनीतिक स्वतंत्रता से
(c) प्राकृतिक स्वतंत्रता से
(d) नागरिक स्वतंत्रता से

**19.** अनुच्छेद 352 के तहत आपात् काल लागू होने की स्थिति में कौन सा मौलिक अधिकार निलंबित नहीं होता?

(a) समानता का अधिकार
(b) अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार
(c) अपराधों में दोषी सिद्ध होने पर रक्षा
(d) संवैधानिक उपचारों का अधिकार

**20.** मूलाधिकारों एवं नीति-निदेशक सिद्धांतों के बीच संबंधों की वर्तमान स्थिति के विषय में निम्न में से कौन-सा वाक्य सही है?

(a) निदेशक सिद्धांतों को मूलाधिकारों की अपेक्षा किसी भी दशा में प्राथमिकता नहीं दी जाएगी
(b) मूलाधिकारों की अपेक्षा निदेशक सिद्धांतों को सदैव प्राथमिकता दी जाती है।
(c) निदेशक सिद्धांतों की अपेक्षा मूलाधिकारों की अपेक्षा प्राथमिकता दी जाती है।
(d) सभी मामलों में निदेशक सिद्धांतों की मूलाधिकारों की अपेक्षा प्राथमिकता दी जा सकती है।

**21.** संविधान के खण्ड तीन में वर्णित कौन सा अनुच्छेद इसके धर्मनिरपेक्ष चरित्र पर बल देता है?

(a) अनुच्छेद 8 से 11
(b) 25 से 28
(c) 45 से 48 ए
(d) 14 से 19

**22.** मौलिक अधिकार किसकी रक्षा की गारंटी देता है?

(a) नागरिकों की व्यापारियों के शोषण से
(b) नागरिकों की स्वच्छंद शासन से
(c) देश की रक्षा
(d) नागरिकों का सम्मान

**23.** निम्न में कौन संविधान में वर्णित अधिकार नहीं हैं?

1. शासन के अधीन रोजगार के अवसरों में समानता
2. सभी वर्गों तथा स्त्री, बच्चे तथा पिछड़े वर्गों को विशेष दर्जा देने का निषेध
3. शैक्षिक और सैन्य उपलब्धियों के लिये दिये जाने वाले उपाधियों की समाप्ति।

**कूट:**

(a) केवल 1 (b) 1 और 3
(c) केवल 2 (d) 1 और 2

**24.** अनुच्छेद 24 के तहत् वर्णित अधिकारों में निम्न में से शामिल हैं-

1. मृत्यु/आत्महत्या का अधिकार
2. ध्वनि प्रदूषण से मुक्त रहने का अधिकार
3. एकतांतता का अधिकार
4. फांसी में विलम्ब के विरुद्ध अधिकार

उपयुक्त विकल्प का चयन करें

(a) 1, 2, 3, 4
(b) 1, 2, 3
(c) 1, 2 4
(d) 2, 3, 4

**25.** धर्म, जाति, लिंग अथवा जन्म स्थान के आधार पर किसी प्रकार का भेदभाव नहीं करने संबंधी मौलिक अधिकार में सम्मिलित हैं?

1. होटल तथा सार्वजनिक स्थानों पर पहुंच
2. क्लबों तक पहुंच
3. दुकानों तक पहुंच
4. सार्वजनिक भोजनालयों तक पहुंच

**कूट:**

(a) 1 और 3 (b) 1 और 4
(c) 1, 2, 3 और 4 (d) 3 और 4

**26.** किस केस में सुप्रीम कोर्ट ने यह निर्णय दिया कि मौलिक अधिकारों में संशोधन के लिए संविधान सभा की बैठक बुलाई जानी चाहिये?

(a) पंजाब सरकार बनाम गोलक नाथ।
(b) गोपालन केस
(c) केशवानन्द भारती केस
(d) भारत सरकार बनाम सज्जन सिंह

**27.** मूल मौलिक अधिकारों की सूची में किसे जोड़ा गया है?

(a) सम्पत्ति का अधिकार
(b) संवैधानिक उपचारों का अधिकार
(c) धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार
(d) कोई नहीं

**28.** अनुच्छेद-24 में वर्णित प्रावधानों के अंतर्गत निम्न में से कौन-सा/से अधिनियम लाए गए है/हैं

1. बालक श्रम प्रतिबंध, अधिनियम, 1986
2. कारखाना, अधिनियम, 1953
3. खान अधिनियम, 1953
4. बाल संरक्षण अधिनियम, 2006

उपर्युक्त विकल्प चुनें

(a) 1, 2, 3
(b) 1, 2, 3, 4
(c) 1, 3, 4
(d) 1, 2, 4

**29.** मौलिक अधिकारों की मुख्य विशेषताओं के अंदर कौन शामिल नहीं है?

1. ये साधारण अधिकारों से ज्यादा पवित्र हैं
2. इन पर आवश्यक प्रतिबंध लगाये जा सकते हैं
3. ये वाद योग्य हैं तथा सर्वोच्च न्यायालय के द्वारा इन्हें लागू किया जा सकता है।

**कूट:**

(a) 1, 2 और 3
(b) 1 और 2
(c) 2 और 3
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

## उत्तरमाला

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **1.** (b) | **2.** (c) | **3.** (a) | **4.** (c) | **5.** (d) | **6.** (a) | **7.** (c) | **8.** (d) | **9.** (a) | **10.** (b) |
| **11.** (c) | **12.** (b) | **13.** (d) | **14.** (b) | **15.** (d) | **16.** (a) | **17.** (a) | **18.** (b) | **19.** (c) | **20.** (b) |
| **21.** (b) | **22.** (b) | **23.** (c) | **24.** (b) | **25.** (c) | **26.** (a) | **27.** (d) | **28.** (b) | **29.** (d) | |

# राज्य के नीति निदेशक तत्त्व

1. राज्य के नीति निदेशक सिद्धांतों को भारतीय संविधान में शामिल किए जाने का उद्देश्य है-
   (a) राजनैतिक प्रजातंत्र को स्थापित करना
   (b) सामाजिक प्रजातंत्र को स्थापित करना
   (c) गांधीवादी प्रजातंत्र को स्थापित करना
   (d) सामाजिक और आर्थिक प्रजातंत्र को स्थापित करना

2. राज्य नीति के निदेशक सिद्धांतों के निम्नलिखित अनुच्छेदों में से कौनसा अन्तर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के संवर्धन से संबंधित है ?
   (a) 51 (b) 48(क)
   (c) 43(क) (d) 41

3. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-
   1. अनुच्छेद 39(ख) संपत्ति के अधिकार से संबद्ध है।
   2. संपत्ति का अधिकार एक विधिक अधिकार है, किन्तु यह मूल अधिकार नहीं है।
   3. भारत के संविधान में अनुच्छेद 300(क) तत्कालीन सत्तासीन कांग्रेस सरकार द्वारा 44वें संविधान संशोधन से अतः स्थापित किया गया था।

   उपरोक्त कथनों में से कौन-से सही है/हैं ?
   (a) केवल 2
   (c) 2 और 3
   (c) 1 और 3
   (d) 1, 2 और 3

5. नीति निदेशक सिद्धांत वाद योग्य नहीं हैं। इसका अर्थ है-
   1. इनका उल्लंघन किये जाने पर न्यायालयों का सहारा नहीं लिया जा सकता।
   2. इन पर विचार करने का न्यायालयों को अधिकार नहीं है।
   3. कानून के द्वारा इन्हें मान्यता प्राप्त नहीं है।
   4. वे पवित्र हैं।

   उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?
   (a) 1 और 2, (b) केवल 1
   (c) 1, 2 और 3 (d) उपरोक्त सभी

6. भारतीय संविधान में सम्मिलित गांधीवादी सिद्धांत क्या हैं ?
   1. समाज के गरीब वर्गों के विकास के लिये प्रयास किए जाएंगे।
   2. चिकित्सकीय उद्देश्यों के अतिरिक्त मादक द्रव्यों के प्रयोग पर रोक
   3. ग्राम पंचायतों का गठन
   4. ग्रामीण क्षेत्रों में लघु एंव कुटीर उद्योगों की स्थापना।

   उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?
   (a) 1, 3 और 4 (b) 1, 2 और 3
   (c) 2, 3 और 4 (d) उपरोक्त सभी

7. नीति निदेशक सिद्धांतों की प्रकृति है-
   (a) कुछ कानूनों के निर्माण के लिये सरकार को न्यायालयों के आदेश
   (b) कुछ विशेष मुद्दों पर ध्यान देने के लिये सरकार से अनुरोध
   (c) कुछ कामों को करने से रोकने के लिये सरकार को आदेश
   (d) कुछ कामों को करने के लिये सरकार को निर्देश

8. यदि राज्य भौतिक संसाधनों के समान वितरण से संबंधित नीति निदेशक सिद्धांतों के अनुपालन के लिये कानून बनाती है तो इसे-
   (a) 9वीं अनुसूची में डाला जाता है।
   (b) यदि यह अनुच्छेद 14 तथा 19 के अधिकारों का उल्लंघन करती है तो इसे शून्य करार दिया जायेगा।
   (c) मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करने के आधार पर सर्वोच्च न्यायालय इसे समाप्त कर सकती है।
   (d) अगर यह अनुच्छेद 14 व 19 के अधिकारों का उल्लंघन करती है तो भी इसे शून्य नहीं माना जायेगा।

9. निम्न में से कौन मौलिक अधिकारों तथा नीति निदेशक सिद्धांतों के अंतर को नहीं दिखलाता ?
   1. निदेशक सिद्धांत सामाजिक कल्याण को बढ़ावा देते हैं जबकि मौलिक अधिकार राज्य के अतिक्रमण से व्यक्ति की रक्षा करते हैं।
   2. मौलिक अधिकार राज्य के कार्यों पर अंकुश लगाते हैं जबकि निदेशक सिद्धांत लोगों के सामाजिक आर्थिक कल्याण के लिये सरकार को निर्देश हैं।
   3. मौलिक अधिकार मूल संविधान में शामिल किये गये जबकि निदेशक सिद्धांत को पहले संशोधन के द्वारा शामिल किया गया।
   4. मौलिक अधिकार में संशोधन किया जा सकता है जबकि निदेशक सिद्धातों में नहीं।

   उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?
   (a) 1 और 2
   (b) 2 और 3
   (c) 3 और 4
   (d) 1, 2 और 3

10. निम्न में से कौन खण्ड चार में निदेशक सिद्धांतों के रूप में अनुसूचित हैं ?
    1. समान कार्य के लिये समान वेतन
    2. समान नागरिक संहिता
    3. छोटे परिवार का सिद्धांत
    4. प्राथमिक स्तर पर मातृ भाषा में शिक्षा

    उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?
    (a) 1, 2 और 3 (b) 1 और 2
    (c) 2 और 3 (d) सभी

11. निम्न में से कौन संशोधनों के माध्यम से नीति निदेशक सिद्धांतों में जोड़े गये ?
   1. पर्यावरण तथा वन्य जीवन का संरक्षण व विकास
   2. उद्योगों के प्रबंधन में मजदूरों की भागीदारी का अधिकार
   3. कार्य का अधिकार
   4. एतिहासिक महत्व के स्थानों का संरक्षण

   उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

   (a) 1 और 3 (b) 2 और 4
   (c) 1, 3 और 4 (d) 1 और 2

12. निदेशक सिद्धांतों का अनुपालन मुख्यत: निर्भर करता है-
   (a) न्यायालयों पर
   (b) संसद में प्रभावी विपक्ष पर
   (c) सरकार के उपलब्ध संसाधनों पर
   (d) जन सहयोग पर

13. कौन से सिद्धांत समाजवादी नीति निदेशक सिद्धांत कहलाते हैं ?
   1. धन की एकत्रता पर रोक
   2. काम का अधिकार
   3. न्यायपालिका का विधायिका से पृथक्करण
   4. वैज्ञानिक विधि से कृषि का विकास

   उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

   (a) 1 और 2, (b) 1, 2 और 3
   (c) 2 और 4 (d) सभी

14. राज्य के नीति निदेशक सिद्धांतों को भारतीय संविधान में शामिल किए जाने के उद्देश्य के संबंध में कौन-सा कथन सही है॥
   (a) राजनैतिक प्रजातंत्र को स्थापित करना।
   (b) सामाजिक प्रजातंत्र को स्थापित करना।
   (c) गांधीवादी प्रजातंत्र को स्थापित करना।
   (d) सामाजिक और आर्थिक प्रजातंत्र को स्थापित करना।

15. किसने संविधान सभा में कहा था कि राज्य के नीति निदेशक तत्त्वों का उद्देश्य एक आर्थिक प्रजातंत्र की स्थापना करना है-
   (a) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद
   (b) जवाहरलाल नेहरू
   (c) बी. आर. अम्बेडकर
   (d) डॉ. के. एम. मुंशी

16. कौन सा कथन असत्य है ?
   (a) 14 वर्ष से कम आयु वाले बच्चों के लिए नि:शुल्क एवं अनिवार्य शिक्षाा-अनुच्छेद 45
   (b) ग्राम पंचायतों की स्थापना-अनुच्छेद 40
   (c) जनसंख्या नियंत्रण-अनुच्छेद 46
   (d) समान सिविल संहिता-अनुच्छेद 44

17. पर्यावरण की रक्षा को संविधान की किस संशोधन के द्वारा जोड़ा गया है ?

   (a) 40वें (b) 42वें
   (c) 43वें (d) 44वें

18. संविधान के 42वें संशोधन द्वारा राज्य के नीति निदेशक तत्त्वों में कौन-कौन से नए प्रावधान जोड़े गए ?
   1. उद्योगों के प्रबंध में मजदूरों की भागीदारी।
   2. जनसंख्या नियंत्रण के लिए राज्य अनिवार्य कदम उठायेगा।
   3. गरीबों के लिए नि:शुल्क कानूनी सहायता।
   4. वन्य प्राणियों की सुरक्षा।

   उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

   (a) 1 और 2, (b) 3 और 4
   (c) 1, 2 और 4 (d) 1, 3 और 4

19. नीति निदेशक सिद्धांतों के अन्तर्गत गांधीवादी विचारधारा पर विचार करें-
   1. राज्य ग्राम पंचायतों की स्थापना करेगा, जिससे वे स्वत: शासन की इकाई के रूप में कार्य करने में समर्थ हो सकें।
   2. राज्य गांवों में कुटीर उद्योगों को बढ़ाने का प्रयास करेगा।
   3. राज्य मादक पदार्थों के व्यापार को बढ़ावा देगा।
   4. राज्य नागरिकों के लिए संतुलित आहार का प्रबंध करेगा और उनके जीवन स्तर को ऊंचा उठायेगा।

   उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

   (a) 1, 2 और 3 (b) 2, 3 और 4
   (c) 1, 2 और 4 (d) 1, 2, 3 और 4

20. सूची-I को सूची-II के साथ सुमेलित करें-

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| A. पुरुष और महिला सभी नागरिकों को समान रूप से जीवकोपार्जन के पर्याप्त साधन प्राप्त करने का अधिकार है। | 1. अनुच्छेद 39(4) |
| B. पुरुषों और महिलाओं दोनों को समान कार्य के लिए समान वेतन | 2. अनुच्छेद 39(1) |
| C. बालकों की अल्पावस्था का दुरुपयोग न हो | 3. अनुच्छेद 39(3) |
| D. आर्थिक व्यवस्था इस प्रकार चले जिसमें धन और उत्पादन साधनों का सर्वसाधारण के लिए अहितकारी संकेद्रण न हो। | 4. अनुच्छेद 39(5) |

कूट:

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (b) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (c) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (d) | 1 | 4 | 3 | 2 |

21. निम्न कथनों पर विचार करें-

अनुच्छेद 51 में व्यवस्था है—

1. अन्तर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा की अभिवृद्धि
2. राष्ट्रों के बीच न्यायसंगत और सम्मानपूर्ण संबंधों को बनाये रखना।
3. शत्रु देशों के साथ शत्रुतापूर्ण नीति बनाना।
4. विवादों का युद्ध द्वारा निपटारा।

उपरोक्त कथनों में से असत्य कथन का चुनाव करें-

(a) 1 और 2 (b) 2 और 3
(c) 3 और 4 (d) 2 और 4

22. नीति निदेशक तत्त्वों पर विचार करें-

1. नीति निदेशक तत्त्वों को न्यायालय द्वारा लागू नहीं कराया जा सकता है।
2. नीति निदेशक तत्त्वों को वैधानिक शक्ति प्राप्त हैं।
3. नीति निदेशक तत्त्व देश के शासन में मूलभूत स्थान रखते हैं।
4. कानून बनाते समय नीति निदेशक तत्त्वों का प्रयोग करना राज्य का कर्तव्य होगा।

उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

(a) 1 और 2 (b) 2 और 3
(c) 1, 3 और 4 (d) 1, 2, 3 और 4

## उत्तरमाला

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **1.** (d) | **2.** (a) | **3.** (b) | **4.** (a) | **5.** (a) | **6.** (d) | **7.** (d) | **8.** (d) | **9.** (c) | **10.** (b) |
| **11.** (d) | **12.** (c) | **13.** (a) | **14.** (d) | **15.** (c) | **16.** (c) | **17.** (b) | **18.** (d) | **19.** (c) | **20.** (b) |
| **21.** (c) | **22.** (c) | | | | | | | | |

# मौलिक कर्त्तव्य

**1.** निम्नलिखित वक्तव्यों पर ध्यान दीजिए-

किसी को राष्ट्र गीत गाने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता क्योंकि-

1. इससे वाक् स्वातंत्र्य और अभिव्यक्ति स्वातंत्र्य के अधिकार का उल्लंघन होगा।
2. इससे अन्त:करण की और धर्म के अबाध रूप से आचरण और प्रचार करने की स्वतंत्रता के अधिकार का उल्लंघन होगा।
3. राष्ट्रगीत गाने के लिए किसी को बाध्य करने वाला कोई विधिक उपबंध नहीं है।

इन वक्तव्यों में से-

(a) 1 और 2 सही हैं
(b) 2 और 3 सही हैं
(c) 1, 2 और 3 सही हैं
(d) कोई भी सही नहीं है

**2.** लोगों के मौलिक कर्त्तव्यो में शामिल हैं-

1. संविधान, राष्ट्रध्वज तथा राष्ट्रगीत के प्रति सम्मान
2. वैज्ञानिक सोच का विकास
3. सरकार के प्रति सम्मान
4. वन्य जीवन का संरक्षण

**कूट:**

(a) 1, 2 और 3 (b) 1 और 4
(c) 1, 3 और 4 (d) 1, 2 और 4

**3.** निम्न में से कौन मौलिक कर्त्तव्यों में शामिल किये जा सकते हैं?

1. संविधान का पालन तथा इसके आदर्शों व संस्थानों के प्रति सम्मान
2. राष्ट्र की एकता, अखण्डता तथा सम्प्रभुता की रक्षा
3. देश में कानून का शासन की स्थापना
4. सार्वजनिक सम्पत्ति की रक्षा तथा हिंसा से परहेज

**कूट:**

(a) 1, 2 और 4 (b) 1, 3 और 4
(c) 1, 2 और 3 (d) सभी

**4.** संविधान में मौलिक कर्त्तव्यों को किस विचार से शामिल किया गया?

(a) मौलिक अधिकारों को और अधिक महत्व देने के लिये
(b) असंवैधानिक तथा विध्वंसकारी गतिविधियों को रोकने के लिये
(c) मौलिक अधिकारों के दुरुपयोग को रोकने के लिये।
(d) कार्यपालिका को और अधिक अधिकार देने के लिये।

**5.** मौलिक कर्त्तव्यों को प्राप्त नहीं है-

(a) सामाजिक स्वीकृति
(b) नैतिक स्वीकृति
(c) राजनीतिक स्वीकृति
(d) कानूनी स्वीकृति

**6.** मौलिक कर्त्तव्य-

1. 44वें संशोधन के द्वारा शामिल किये गये
2. खण्ड 3 ए में जोड़े गये।
3. वाद योग्य नहीं हैं।

**कूट:**

(a) सभी (b) 1 और 3
(c) कोई नहीं (d) केवल 3

**7.** भारतीय संविधान में मूल कर्तव्यों को कब शामिल किया गया?

(a) 43वें संविधान संशोधन द्वारा
(b) 42वें संविधान संशोधन द्वारा
(c) 44वें संविधान संशोधन द्वारा
(d) 50वें संविधान संशोधन द्वारा

**8.** मूल कर्त्तव्यों पर विचार करें-

1. देश की रक्षा और राष्ट्र की सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहना।
2. भारत के लोगों में समरसता और बंधुत्व की भावना का विकास करना।
3. प्राकृतिक पर्यावरण की रक्षा और सभी प्राणियों के प्रति दया भाव रखना।
4. सार्वजनिक संपत्ति की सुरक्षा और हिंसा से दूर रहना।

उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) 1, 2 और 3 (b) 2, 3 और 4
(c) 1, 3 और 4 (d) 1, 2, 3 और 4

**9.** अनुच्छेद 51 संबंधित है-

(a) अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा की अभिवृद्धि से
(b) अंतर्राष्ट्रीय विवादों को मध्यस्थता द्वारा निपटारे को प्रोत्साहन देने से।
(c) राष्ट्रों के बीच न्यायसंगत और सम्मानपूर्ण संबंधों को बनाए रखने से।
(d) उपरोक्त सभी।

**10.** भारतीय संविधान में मौलिक कर्त्तव्यों को किस समिति की सिफारिश के आधार पर समाहित किया गया?

(a) डॉ. स्वर्ण सिंह समिति
(b) बैजनाथ समिति
(c) राकेश मोहन समिति
(d) जे. बी. कृपलानी समिति

**11.** निम्नलिखित में भारत में मौलिक कर्त्तव्य कौन-सा है?

(a) न्यायपालिका से कार्यपालिका का पृथक्करण
(b) हमारी मिली-जुली संस्कृति की समृद्ध विरासत को संरक्षित करना।
(c) बच्चों के लिये मुफ्त व अनिवार्य शिक्षा।
(d) छुआछूत की परम्परा को समाप्त करना।

12. मौलिक कर्त्तव्यों को संविधान में सम्मिलित किये जाने का प्रयोजन है-
   (a) मौलिक अधिकारों के दुरुपयोग पर रोक
   (b) मौलिक अधिकारों को और अधिक सरल बनाना
   (c) विनाशक एवं असंवैधानिक गतिविधियों को नियंत्रित करना
   (d) कार्यपालिका की बढ़ती शक्ति को नियंत्रण में रखना।

13. संविधान में उल्लिखित मौलिक कर्त्तव्य किसके लिये हैं?
   (a) सभी व्यक्तियों के लिये
   (b) सभी नागरिकों के लिये
   (c) केवल गैर नागरिकों के लिये
   (d) केवल केन्द्रीय व राज्य के कर्मचारियों के लिये

14. मौलिक कर्त्तव्यों की अवहेलना करने वालों को-
   (a) दंड देने की व्यवस्था है
   (b) दंड देने की व्यवस्था नही है
   (c) कुछ विशेष मामलों में दंड देने की व्यवस्था है
   (d) अधिनियम बनाकर दंड देने की व्यवस्था है

15. निम्नलिखित में कौन-सा एक मौलिक कर्त्तव्य नहीं है?
   (a) राज्य का आज्ञा पालन (b) कानून का आज्ञा पालन
   (c) समाज का आज्ञा पालन (d) करों की अदायगी

16. निम्नलिखित में कौन-सा मौलिक कर्त्तव्य नहीं है?
   (a) आम भाईचारे की भावना को उजागर करना
   (b) राष्ट्रीय उद्यमों का संरक्षण करना
   (c) वैज्ञानिक संस्कार का विकास करना
   (d) भारत की समृद्ध विरासत का संरक्षण करना

17. भारतीय संविधान में नागरिकों के मूल कर्त्तव्य के अंतर्गत सम्मिलित नहीं है-
   (a) सार्वजनिक सम्पत्ति की रक्षा करना
   (b) हिंसा का परित्याग करना
   (c) धर्मनिरपेक्षता को बढ़ावा देना
   (d) भारत की सार्वभौमिकता, एकता और अखंडता को बनाए रखना।

## उत्तरमाला

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **1.** (c) | **2.** (d) | **3.** (a) | **4.** (c) | **5.** (d) | **6.** (d) | **7.** (b) | **8.** (d) | **9.** (d) | **10.** (a) |
| **11.** (b) | **12.** (a) | **13.** (b) | **14.** (b) | **15.** (d) | **16.** (b) | **17.** (c) | | | |

# संघीय कार्यपालिका

**1.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-

1. जवाहर लाल नेहरू मृत्यु के समय भारत के प्रधानमंत्री की चौथी पदावधि में थे।
2. जवाहर लाल नेहरू ने संसद सदस्य के रूप में रायबरेली का प्रतिनिधित्व किया।
3. भारत के प्रथम गैर-कांग्रेसी प्रधानमंत्री वर्ष 1977 में पद पर नियुक्त हुए।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं ?

(a) 1 और 2 (b) केवल 3
(c) केवल 1 (d) 1 और 3

**2.** भारत के उप-राष्ट्रपति को पदच्युत करने का संकल्प निम्नलिखित में से कहाँ प्रस्तावित किया जा सकता है ?

(a) केवल लोकसभा में
(b) संसद के किसी भी सदन में
(c) संसद की संयुक्त बैठक में
(d) केवल राज्यसभा में

**3.** निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सही सुमेलित है ?

| विभाग | | भारत सरकार का मंत्रालय |
|---|---|---|
| 1. महिला और बाल विकास विभाग | : | स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय |
| 2. राजभाषा विभाग | : | मानव संसाधन विकास मंत्रालय |
| 3. पेय जलापूर्ति विभाग | : | जल संसाधन मंत्रालय |

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए:

(a) 1 (b) 2
(c) 3 (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

**4.** जब केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने (वर्ष 2002 में) चुनावी सुधारों पर अध्यादेश में बिना किसी बदलाव के उसे राष्ट्रपति को वापस भेजा तब राष्ट्रपति ने भारतीय संविधान के कौन से अनुच्छेद के अन्तर्गत उसे अपनी सहमति दी ?

(a) अनुच्छेद 121 (b) अनुच्छेद 122
(c) अनुच्छेद 123 (d) अनुच्छेद 124

**5.** गुजरात में विधानसभा के चुनाव (वर्ष 2002 में) को स्थगित करने के चुनाव आयोग के निर्णय की विधिमान्यता पर उच्चतम न्यायालय की राय जानने के लिए राष्ट्रपति ने उच्चतम न्यायालय से अनुरोध भारतीय संविधान के कौन से अनुच्छेद के अन्तर्गत किया ?

(a) अनुच्छेद 142 (b) अनुच्छेद 143
(c) अनुच्छेद 144 (d) अनुच्छेद 145

**6.** निम्न कथनों पर विचार कीजिए-

भारत में राष्ट्रपति चुनाव के निर्वाचक मंडल में

1. विधानसभा के निर्वाचित सदस्य के मत का मूल्यांकन =

$$\frac{\text{राज्य की जनसंख्या}}{\text{राज्य की विधानसभा में निर्वाचित सदस्यों की संख्या}} \times 100$$

2. एक निर्वाचित संसद सदस्य के मत का मूल्यांकन =

$$\frac{\text{सभी निर्वाचित विधानसभा सदस्यों के मतों का कुल मान}}{\text{निर्वाचित संसद सदस्यों की कुल संख्या}}$$

3. आखिरी चुनाव में 5000 मतदाता थे

इन कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

(a) 1 तथा 2 (b) केवल 2
(c) 1 और 3 (d) केवल 3

**7.** भारतीय राजनीति के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है ?

(a) योजना आयोग की जवाबदेही संसद के प्रति है
(b) राष्ट्रपति संसद के दोनों सदनों के सत्राधीन न होने पर ही अध्यादेश जारी कर सकते हैं
(c) उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में नियुक्ति की न्यूनतम निर्धारित आयु 40 वर्ष है
(d) राष्ट्रीय विकास परिषद् में केन्द्रीय वित्त मंत्री और सभी राज्यों के मुख्यमंत्री होते हैं

**8.** भारत का उच्चतम न्यायालय कानून या तथ्य के मामले में राष्ट्रपति को परामर्श देता है-

(a) अपनी पहल पर
(b) तभी जब वह ऐसे परामर्श के लिए कहता है
(c) तभी जब मामला नागरिकों के मूलभूत अधिकारों से संबंधित हो
(d) तभी जब वह मामला देश की एकता व अखण्डता के लिए खतरा पैदा करता हो

**9.** भारत के महान्यायवादी के विषय में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-

1. वह भारत के राष्ट्रपति द्वारा नियुक्त किया जाता है।
2. उसमें वहीं योग्यताएं होनी चाहिए जो सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश की होती है।
3. उसे संसद के किसी भी एक सदन का सदस्य होना चाहिए।
4. संसद द्वारा महाभियोग लगाकर उसे हटाया जा सकता है।

इनमें से कौन-कौन से कथन सही हैं ?

(a) 1 और 2 (b) 1 और 3
(c) 2, 3 और 4 (d) 3 और 4

**10.** भारत में राष्ट्रपति के चुनाव में राज्य की विधान सभा के प्रत्येक निर्वाचित सदस्य के वोटों की संख्या, उस पर राज्य की जनसंख्या को विधान सभा की कुल निर्वाचित सदस्य संख्या द्वारा विभाजित कर प्राप्त भागफल के एक हजार के गुणकों के बराबर होती है। वर्तमान स्थिति में 'जनसंख्या' में तात्पर्य किस वर्ष की जनगणना द्वारा अभिनिश्चित जनसंख्या से है ?

(a) 1991 जनगणना (b) 1981 जनगणना
(c) 1971 जनगणना (d) 1961 जनगणना

**11.** भारत के संविधान में निम्नलिखित में से क्या कथित है ?

1. राष्ट्रपति संसद के किसी भी सदन का सदस्य नहीं होगा
2. संसद राष्ट्रपति और दो सदनों से मिलकर बनेगी

निम्नलिखित कूट में से सही उत्तर चुनिए-

(a) 1 और 2 में से कोई भी नही
(b) 1 और 2 दोनों
(c) केवल 1
(d) केवल 2

**12.** सूची-I (कृत्यकारी) को सूची—II (शपथ या प्रतिज्ञान) से सुमेल कीजिए और सूचियों के नीचे दिये हुए कूटों का उपयोग करते हुए उत्तर का चयन कीजिए-

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| A. भारत का राष्ट्रपति | 1. सूचना की गोपनीयता |
| B. सर्वोच्च न्यायालय के जज | 2. कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन |
| C. संसद सदस्य एवं निष्ठा | 3. भारत के संविधान के प्रति श्रद्धा |
| D. संघ के मंत्री | 4. संविधान और विधि की मर्यादा बनाए रखना |

कूट:

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (b) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (c) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (d) | 4 | 3 | 1 | 2 |

**13.** यदि भारत के प्रधानमंत्री संसद के उच्च सदन के सदस्य हैं तो-

(a) वे अविश्वास प्रस्ताव की स्थिति में अपने पक्ष में वोट नहीं दे सकेंगे
(b) वे निम्न सदन में बजट पर नहीं बोल सकेंगे
(c) वे केवल उच्च सदन में ही वक्तव्य दे सकते हैं
(d) उन्हें प्रधानमंत्री की शपथ ग्रहण करने के बाद छः मास के अन्दर निम्न सदन का सदस्य बनना पड़ेगा।

**14.** निम्नलिखित में कौन-सा वक्तव्य सही है ?
भारत का प्रधान मंत्री

(a) संसद के दोनों सदनों के सदस्यों में से ही अपने मंत्रियों का चयन करने के लिए स्वतंत्र है
(b) इस विषय में भारत के राष्ट्रपति के साथ उचित परामर्श करके अपने मंत्रिमंडल के सहयोगियों का चयन कर सकता है
(c) अपने मंत्रिमंडल में मंत्री के रूप में काम करने के लिए व्यक्तियों का चयन करने में पूर्णतः स्वविवेक का प्रयोग करता है
(d) अपने मंत्रिमंडल के सहयोगियों का चयन करने में सीमित शक्तियाँ रखता है क्योंकि स्वविवेक प्रयोग की शक्तियाँ भारत के राष्ट्रपति में निहित हैं

**15.** निम्नलिखित में से कौन-सा भारत के राष्ट्रपति के निर्वाचक गण का तो भाग है परन्तु उसके महाभियोग अधिकरण का भाग नहीं है ?

(a) लोक सभा
(b) राज्य सभा
(c) राज्य विधान परिषदें
(d) राज्यों की विधान सभाएं

**16.** निम्नलिखित में से किसका भारत के संविधान में तो स्पष्ट उल्लेख नहीं है पर परिपाटी के रूप में पालन किया जाता है ?

(a) वित्त मंत्री निम्न सदन का सदस्य होना चाहिए
(b) प्रधानमंत्री यदि निम्न सदन में बहुमत खो दे तो उसे त्यागपत्र दे देना चाहिए
(c) मंत्रिपरिषद में भारत के सभी भागों का प्रतिनिधित्व हो
(d) अपनी पदावधि की समाप्ति से पूर्व ही राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति दोनों के एक साथ पदत्याग करने पर संसद के निम्न सदन का अध्यक्ष राष्ट्रपति का कार्य वहन करे

**17.** निम्नलिखित में से कौन-सी एक सबसे बड़ी संसदीय समिति है ?

(a) लोक सेवा समिति
(b) प्राक्कलन समिति
(c) सरकारी उपक्रम समिति
(d) याचिका समिति

**18.** राष्ट्रपति के निर्वाचन में राज्य का मुख्यमंत्री मतदान करने के लिए पात्र नहीं होता यदि-

(a) वह स्वयं प्रत्याशी होता है
(b) उसे राज्य विधान मंडल के निचले सदन में अपना बहुमत सिद्ध करना शेष हो
(c) वह राज्य विधानमंडल में उच्च सदन का सदस्य हो
(d) यदि वह कामचलाऊ रूप से नियुक्त मुख्यमंत्री हो

**19.** भारतीय संविधान के निम्नलिखित में से किस एक संशोधन द्वारा राष्ट्रपति को कोई भी मामला मंत्रिपरिषद् द्वारा पुनर्विचार किए जाने के लिए वापस भेजने का अधिकार दिया गया है ?

(a) 39वाँ (b) 40वाँ
(c) 42वाँ (d) 44वाँ

20. अग्रता अधिपत्र (पोर्टफोलियो) के अनुसार निम्नलिखित में से कौन-सा अग्रता का सही अवरोही क्रम है ?
(a) भारत के महान्यायवादी (अटर्नी जनरल) उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश-संसद् सदस्य-राज्य सभा उपाध्यक्ष
(b) उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश-राज्य सभा उपाध्यक्ष-भारत के महान्यायवादी-संसद सदस्य
(c) भारत के महान्यायवादी राज्य सभा उपाध्यक्ष-उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश-संसद सदस्य
(d) उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश-भारत के महान्यायवादी—राज्य सभा उपाध्यक्ष-संसद सदस्य

21. भारत में, रक्षा बलों का सर्वोच्च समादेश राष्ट्रपति से निहित है। इसका क्या तात्पय है ?
(a) इस शक्ति का प्रयोग करने के लिए राष्ट्रपति को कानून द्वारा विनियमित नहीं किया जा सकता।
(b) इस शक्ति के प्रयोग को कानून द्वारा विनियमित किया जा सकेगा।
(c) युद्ध के समय राष्ट्रपति इस शक्ति के प्रयोग में केवल रक्षा बलों के प्रमुखों से परामर्श करता है।
(d) युद्ध के समय राष्ट्रपति इस शक्ति के प्रयोग में नागरिकों के मूल अधिकारों को निलम्बित कर सकता है।

22. निम्नलिखित अधिकारियों पर विचार कीजिए-
1. मंत्रिमंडल सचिव
2. मुख्य निर्वाचन आयुक्त
3. संघीय मंत्रिमंडल सदस्य
4. भारत के मुख्य न्यायाधीश
अग्रता-कम में इनका सही अनुक्रम है
(a) 3, 4, 2, 1 (b) 4, 3, 1, 2
(c) 4, 3, 2, 1 (d) 3, 4, 1, 2

23. संसदीय समितियों के विषय में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-
1. राज्यसभा के सदस्य सार्वजनिक लेखा एवं सार्वजनिक उपक्रमों की समितियों से जुड़े नहीं होते हैं।
2. प्राक्कलन समिति के सदस्य लोकसभा एवं राज्यसभा दोनों से ही लिए जाते हैं।
उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?
(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

24. राष्ट्रपति के निर्वाचन के लिए गठित निर्वाचन मंडल में सम्मिलित होता है-
(a) संघीय संसद तथा राज्य व्यवस्थापिकाओं के सभी सदस्य
(b) संघीय संसद तथा विधानसभाओं के सभी सदस्य
(c) संघीय संसद के सभी तथा विधानसभाओं के सभी निर्वाचन सदस्य
(d) स्थानीय संसद तथा राज्य विधानसभाओं के सभी निर्वाचन सदस्य

25. राष्ट्रपति के विरुद्ध महाभियोग का आरोप लगाकर उसे हटाने का प्रस्ताव पारित होना चाहिए-
(a) राज्यसभा द्वारा दो-तिहाई बहुमत से
(b) लोकसभा द्वारा दो-तिहाई बहुमत से
(c) लोकसभाध्यक्ष व राज्यसभा के सभापति के निर्णायक मत से
(d) संसद के जांच करने वाले सदन के दो-तिहाई बहुमत से

26. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-
1. केन्द्रीय सरकार के मंत्रालयों/विभागों का सृजन प्रधानमंत्री द्वारा किया जाता है।
2. मंत्रिमंडल सचिव सिविल सेवा बोर्ड के पदेन अध्यक्ष होते हैं।
उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से है/हैं ?
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 (d) न तो 1 और न ही 2

27. किसी व्यक्ति के राष्ट्रपति के रूप में चुनाव को अवैध घोषित किये जाने की स्थिति में उसके द्वारा अपना चुनाव अवैध घोषित किये जाने के पूर्व के कृत्यों की क्या संवैधानिक होगी ?
(a) यह कृत्य अविधिमान्य होंगे
(b) यह कृत्य विधिमान्य होंगे
(c) उन कृत्यों की पुष्टि उसके उत्तरधिकारी द्वारा की जानी आवश्यक है
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

28. भारत के राष्ट्रपति संसद के दोनों सदनों को प्रथम सत्र के प्रारम्भ में कब सम्बोधित करते हैं ?
(a) प्रति वर्ष
(b) लोकसभा के लिए प्रत्येक आम चुनाव के बाद
(c) (a) एवं (b) दोनों
(d) उपरोक्त सभी

29. संविधान के अनुच्छेद 124 के अन्तर्गत राष्ट्रपति निम्नलिखित में से क्या कर सकता है ?
(a) सर्वोच्च न्यायालय से परामर्श
(b) सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति
(c) उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति
(d) नियंत्रक सह लेखा परीक्षक की नियुक्ति

30. निम्नलिखित में से कौन–सा अधिकार भारत के राष्ट्रपति को प्राप्त नहीं हैं ?
(a) उच्चतम न्यायालय तथा उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति का
(b) उच्चतम न्यायालय तथा उच्च न्यायालय के अधिकारों को हस्तगत करने का
(c) प्रधानमंत्री एवं अन्य मंत्रियों की नियुक्ति का
(d) संसद का अधिवेशन आहूत करने तथा उसका सत्रावसान करने का

31. किन–किन परिस्थितियों में राष्ट्रपति संसद का संयुक्त अधिवेशन आहूत कर सकते हैं ?
(a) एक सदन द्वारा पारित विधेयक को दूसरे सदन द्वारा रद्द कर देना
(b) एक सदन द्वारा विधेयक में प्रस्तावित संशोधन दूसरे सदन द्वारा स्वीकार न किया जाना
(c) एक सदन द्वारा विधेयक की प्राप्ति के 6 माह तक कोई कार्यवाही न करना
(d) उपर्युक्त सभी परिस्थितियों में

## उत्तरमाला

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **1.** (d) | **2.** (d) | **3.** (d) | **4.** (c) | **5.** (b) | **6.** (b) | **7.** (b) | **8.** (b) | **9.** (a) | **10.** (c) |
| **11.** (b) | **12.** (b) | **13.** (a) | **14.** (c) | **15.** (d) | **16.** (b) | **17.** (b) | **18.** (c) | **19.** (b) | **20.** (b) |
| **21.** (a) | **22.** (c) | **23.** (d) | **24.** (d) | **25.** (d) | **26.** (b) | **27.** (b) | **28.** (c) | **29.** (b) | **30.** (b) |
| **31.** (d) | | | | | | | | | |

# भारतीय संसद

**1.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-

1. लोक लेखा समिति का अध्यक्ष, लोक सभा अध्यक्ष द्वारा नियुक्ति किया जाता है।
2. लोक लेखा समिति में लोक सभा सदस्य, राज्य सभा सदस्य और उद्योग और व्यापार के कुछ जानेमाने व्यक्ति सम्मिलित होते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं ?

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

**2.** **कथन (A):** भारत संघ में मंत्रि परिषद् संयुक्त रूप से लोक सभा और राज्य सभा, दोनों के प्रति उत्तरदायी है।

**कारण (R):** लोक सभा और राज्य सभा दोनों के सदस्य संघीय सरकार में मंत्री बनने के लिए पात्रता रखते हैं।

**कूट:**

(a) A तथा R दोनों सत्य हैं, और R, A की सही व्याख्या है
(b) A तथा R दोनों सत्य हैं, किन्तु R, A की सही व्याख्या नहीं है
(c) A सही है, किन्तु R गलत है।
(d) A गलत है, किन्तु R सही है।

**3.** संविधान सभा अन्तरकालीन संसद के रूप में कब से कार्य करने लगी ?

(a) 26 जनवरी, 1950 (b) 15 अगस्त, 1949
(c) 7 जनवरी, 1950 (d) 26 नवम्बर, 1949

**4.** निम्न कथनों पर विचार कीजिए-

1. केवल राज्य सभा में यह शक्ति निहित है कि वह यह घोषणा करे कि राज्य सूची में से किसी विषय के संबंध में राष्ट्रीय हित में संसद विधि बना सकती है।
2. आपात की उद्घोषणा का अनुमोदन करने वाले संकल्प केवल लोक सभा द्वारा पारित किए जाते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/ से सही है/हैं ?

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) दोनों 1 तथा 2 (d) न ही 1 तथा न ही 2

**5.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-

1. लोकसभा अध्यक्ष में यह शक्ति निहित है कि वह सदन को अनिश्चित काल तक स्थगित कर दे परन्तु सत्रावसान होने पर केवल राष्ट्रपति ही सदन को आहूत कर सकते हैं।
2. यद्यपि लोकसभा को भंग करने का राष्ट्रपति द्वारा औपचारिक आदेश न भी हो तब भी, ऐसी स्थिति छोड़ कर जब लोकसभा समय से पहले भंग कर दी गयी हो या उसकी अवधि बढ़ा दी गई हो, पाँच वर्ष की अवधि खत्म हो जाने पर लोकसभा स्वत: भंग हो जाती है।
3. लोकसभा के भंग हो जाने के पश्चात भी 'सदन की अगली बैठक से एकदम ठीक पहले तक' लोकसभा के अध्यक्ष अपने पद पर आसीन रहते हैं।

उपरोक्त कथनों में से कौन-से सही हैं ?

(a) 1 और 2 (b) 2 और 3
(c) 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

**6.** भारत के लोक वित्त से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-

1. भारत के लोक लेखा से संवितरण संसद के मत के अधीन है।
2. भारत के संविधान में प्रत्येक राज्य के लिए संचित निधि लोक लेखा और आकस्मिक निधि का उपबन्ध है।
3. रेल बजट में विनियोजन तथा संवितरण अन्य विनियोजनों और संवितरणों की तरह ही संसद के समान नियंत्रण के अधीन है।

उपरोक्त कथनों में से कौन-से सही हैं ?

(a) 1 और 2 (b) 2 और 3
(c) 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

**7.** निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा एक सही नहीं हैं ?

(a) लोकसभा में, अविश्वास प्रस्ताव प्रस्तुत करने के लिए ऐसे कारण, जिन पर वह आधारित है, देना आवश्यक है
(b) लोक सभा में अविश्वास प्रस्ताव प्रस्तुत करने के लिए, नियमों में ग्राह्यता की कोई शर्तें निर्धारित नहीं की गई है
(c) यदि किसी अविश्वास प्रस्ताव को स्वीकृत कर लिया जाए तो इजाज़त मिलने के दस दिन के भीतर उस पर कार्यवाही करना अनिवार्य है
(d) राज्यसभा किसी अविश्वास प्रस्ताव को ग्रहण करने के लिए सशक्त नहीं है

**8.** भारतीय संसद् के संबंध में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा एक सही नहीं है ?

(a) विनियोजन विधेयक का, कानून बनने से पूर्व, संसद के दोनों सदनों द्वारा पारित होना अनिवार्य है
(b) विनियोजन अधिनियम के अधीन विनियोजन हुए बिना भारत के संचित निधि में से धन नहीं निकाला जा सकता
(c) नए कर प्रस्तावित करने के लिए वित्त विधेयक का होना आवश्यक है जबकि चालू करों की दर में बदलाव के लिए किसी अन्य विधेयक/अधिनियम की आवश्यकता नहीं है।
(d) राष्ट्रपति की सिफारिश के बिना कोई धन-विधेयक नहीं लाया जा सकता।

**9.** निम्नलिखित में से किसने संविधान सभा के सदस्यों का प्रत्यक्ष रूप से निर्वाचन किया ?

1. प्रान्तों की विधानसभा
2. संघीय व्यवस्थापिका
3. भारत की जनता

(a) केवल (3) (b) (1) और (2) दोनों
(c) केवल (1) (d) (1) और (3) दोनों

**10.** निम्न विधेयकों में से किस एक का भारतीय संसद के दोनों सदनों द्वारा अलग-अलग विशेष बहुमत से पारित होना आवश्यक है ?
(a) साधारण विधेयक
(b) धन विधेयक
(c) वित्त विधेयक
(d) संविधान संशोधन विधेयक

**11.** निम्न कथनों पर विचार कीजिए-
1. भारत में संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक अनुच्छेद 108 में उल्लिखित है।
2. लोकसभा तथा राज्यसभा की संयुक्त बैठक वर्ष 1961 में हुई थी।
3. भारतीय संसद के दोनों सदनों की दूसरी संयुक्त बैठक बैंक सेवा आयोग (निरसन) बिल को पारित करने के लिए हुई थी।

इन कथनों में से कौन से सही हैं ?
(a) 1 और 2 (b) 2 और 3
(c) 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

**12.** निम्न कथनों में से कौन-सा एक सही है ?
(a) केवल राज्यसभा में ही, न कि लोकसभा में मनोनीत सदस्य हो सकते हैं
(b) राज्यसभा में आंग्लभारतीय समुदाय के दो सदस्यों को मनोनीत करने का संविधान में प्रावधान है
(c) किसी मनोनीत सदस्य को मंत्री के पद के लिए नियुक्ति पर संविधानीय वर्जना नहीं है
(d) मनोनीत सदस्य राष्ट्रपति तथा उपराष्ट्रपति के चुनाव में मत दे सकता है।

**13.** निम्न कथनों पर विचार कीजिए-
1. लोक-लेखा तथा सार्वजनिक उपक्रमों की समितियों से राज्यसभा के सदस्य संबंधित होते हैं जबकि प्राक्कलन समिति के लिए सदस्य केवल लोकसभा से ही लिए जाते हैं।
2. संसदीय कार्य मंत्रालय कुल मिलाकर संसदीय कार्यों की मंत्रिमंडलीय समिति के निर्देशन में कार्य करता है।
3. विभिन्न मंत्रालयों में भारत सरकार द्वारा गठित समितियों, परिषदों, मंडलों तथा आयोगों के लिए संसदीय कार्य मंत्री संसद-सदस्यों को नामित करते हैं।

इनमें से कौन-सा कथन सही हैं ?
(a) 1 और 2 (b) 2 और 3
(c) 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

**14.** रेलवे अंचलों के लिए संसद की परामर्शदात्री समिति का गठन किया जाता है-
(a) भारत के राष्ट्रपति द्वारा
(b) रेल मंत्रालय द्वारा
(c) संसदीय कार्य मंत्रालय द्वारा
(d) परिवहन मंत्रालय द्वारा

**15.** लोकसभा का कार्यकाल-
(a) किसी भी परिस्थिति में नहीं बढ़ाया जा सकता
(b) एक बार में छ: महीने तक के लिए बढ़ाया जा सकता है
(c) आपातकाल की घोषणा के दौरान एक बार में एक वर्ष तक के लिए बढ़ाया जा सकता है
(d) आपातकाल की घोषणा के दौरान एक बार में दो वर्ष तक के लिए बढ़ाया जा सकता है।

**16.** भारतीय संसद किस रीति से प्रशासन पर नियंत्रण करती है ?
(a) संसदीय समितियों के माध्यम से
(b) विभिन्न मंत्रालयों की परामर्शदात्री समितियों के माध्यम से
(c) प्रशासकों से आवधिक प्रतिवेदना भिजवा कर
(d) कार्यपालिका को रिट जारी करने के लिए बाध्य कर

**17.** निम्नलिखित कथनों में से कौन सा एक धन विधेयक के बारे में सही नहीं है ?
(a) धन विधेयक संसद में दोनों में से किसी भी सदन में प्रस्तावित किया जा सकता है
(b) लोक सभा अध्यक्ष यह निर्णय करने के लिए अंतिम प्राधिकारी है कि कोई बिल धन विधेयक है या नहीं
(c) लोक सभा द्वारा पारित किसी धन विधेयक का राज्यसभा द्वारा 14 दिनों के अन्दर लौटाया जाना और विचारार्थ भेजा जाना आवश्यक है
(d) राष्ट्रपति किसी धन विधेयक को लोक सभा में पुनर्विचार के लिए नहीं लौटा सकता

**18.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-
1. संसदीय कार्य मंत्रालय संसद के दोनों संदनों के सदस्यों की परामर्शदात्री समिति गठित करता है।
2. इन समितियों का मुख्य प्रयोजन सरकार और सांसदों के बीच सरकार की नीतियाँ और कार्यक्रमों के संबंध में औपचारिक विचार-विमर्श के लिए मंच प्रदान करना है।

उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

**19.** निम्नलिखित में से किन को लोक सभा और राज्य सभा दोनों के निर्वाचनों में मतदान का अधिकार है ?
(a) संसद के निम्न सदन के निर्वाचित सदस्यों को
(b) संसद के उच्च सदन के निर्वाचित सदस्यों को
(c) राज्य विधानमंडल के उच्च सदन के निर्वाचित सदस्यों को
(d) राज्य विधानमंडल के निम्न सदन के निर्वाचित सदस्यों को

**20.** मूलसंविधान लोकसभा की कुल कितनी सीटें थी।
(a) 560 (b) 552 (c) 500 (d) 482

**21.** स्पीकर के पद के विषय में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा सही है ?

(a) वह राष्ट्रपति के प्रसादपर्यन्त पदधारण करता है
(b) यह आवश्यक नहीं कि अपने निर्वाचन के समय वह सदन का सदस्य हो, परन्तु उसे अपने निर्वाचन के बाद छः मास के भीतर सदन का सदस्य हो जाना पड़ेगा
(c) यदि सामान्य अवधि से पूर्व सदन को भंग कर दिया जाए तो उसे अपना पद छोड़ना होगा
(d) यदि वह त्याग पत्र देना चाहे तो उसे अपना त्याग पत्र उपाध्यक्ष को संबोधित करना होगा

**22.** बजट पर संसद के नियंत्रण के विषय में निम्नलिखित में से कौन सी बात सही नहीं है ?

(a) बजट के निर्माण में संसद का कोई हाथ नहीं होता
(b) संसद को समेकित निधि पर प्रभारित व्यय को बढ़ाने की शक्ति प्राप्त है
(c) संसद को राष्ट्रपति की सिफारिश के बिना कोई कर आरोपित करने की शक्ति प्राप्त नहीं है
(d) संसद को राष्ट्रपति की सिफारिश के बिना कर में वृद्धि करने की शक्ति प्राप्त नही है

**23.** अंतर्राष्ट्रीय संधियों को भारत के किसी भाग अथवा सम्पूर्ण भारत में लागू करने के लिये संसद कोई भी कानून बना सकती है-

(a) सभी राज्यों की सहमति से
(b) बहुसंख्य राज्यों की सहमति से
(c) संबंधित राज्यों की सहमति से
(d) बिना किसी राज्य की सहमति से

**24.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-

1. संघ की कार्यपालिका राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के शीर्ष नेतृत्व में मंत्रिपरिषद् से मिलकर बनी होती है।
2. राष्ट्रपति, उपपराष्ट्रपति को सम्बोधित अपने हस्ताक्षर सहित लेख द्वारा, अपना त्याग पद कर सकता है।
3. संघ की कार्यकारी शक्ति प्रधानमंत्री में निहित होती है।

उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

(a) 1 और 2 (b) 2 और 3
(c) 1, 2 और 3 (d) केवल 2

**25.** निम्नलिखित में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

1. जब भारत का उपराष्ट्रपति, राष्ट्रपति के रूप में कार्य करता है, तो वह साथ-ही-साथ राज्यसभा के सभापति के कार्य का भी निष्पादन करता है।
2. भारत का राष्ट्रपति किसी भी समय अध्यादेशों का प्रख्यापन कर सकता है, सिवाय उस समय के जब संसद में दोनों सत्र में होते हैं।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए-

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

**26.** लोक सभा में राज्यवार सीटों का आवंटन सन् 1971 की जनगणना पर आधारित है। यह निर्धारण किस वर्ष तक यावित् रहेगी ?

(a) 2031 (b) 2026
(c) 2021 (d) 2011

**27.** लोक सभा में राज्यों को किस आधार पर सीटें आवंटित होती है ?

(a) जनसंख्या (b) क्षेत्रफल
(c) गरीबी (d) भाषा

**28.** किस राज्य की लोक सभा में अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के लिये आरक्षण नहीं है ?

(a) अरुणाचल प्रदेश (b) जम्मू तथा कश्मीर
(c) मेघालय (d) उपर्युक्त सभी

**29.** लोक सभा में आंग्ल-भारतीय समुदाय से सदस्य मनोनीत करने की शक्ति किसके पास है ?

(a) लोकसभा के अध्यक्ष (b) भारत के राष्ट्रपति
(c) प्रधानमंत्री (d) उप-राष्ट्रपति

**30.** लोक सभा की बैठक समाप्त की जा सकती है-

(a) स्थगन द्वारा (b) सत्रावसान द्वारा
(c) विघटन द्वारा (d) उपरोक्त सभी द्वारा

**31.** **कथन (A):** भारतीय संविधान आंशिक परिवर्तनशील तथा आंशिक जटिल है।

**कारण (R):** राज्य साधारण बहुमत से संशोधनों का अनुमोदन करते हैं।

उपयुक्त कथन व कारण पर विचार करते हुए सही उत्तर का चयन करें

(a) A तथा R दोनों सत्य हैं, और R, A की सही व्याख्या है
(b) A तथा R दोनों सत्य हैं, किन्तु R, A की सही व्याख्या नहीं है
(c) A सही है, किन्तु R गलत है।
(d) A गलत है, किन्तु R सही है।

## उत्तरमाला

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **1.** (a) | **2.** (d) | **3.** (a) | **4.** (a) | **5.** (d) | **6.** (b) | **7.** (a) | **8.** (c) | **9.** (c) | **10.** (d) |
| **11.** (d) | **12.** (c) | **13.** (d) | **14.** (c) | **15.** (c) | **16.** (a) | **17.** (a) | **18.** (c) | **19.** (d) | **20.** (c) |
| **21.** (d) | **22.** (b) | **23.** (d) | **24.** (a) | **25.** (b) | **26.** (b) | **27.** (a) | **28.** (d) | **29.** (b) | **30.** (d) |
| **31.** (c) | | | | | | | | | |

# न्यायपालिकाः उच्चतम न्यायालय

1. कथन (A): भारत में प्रत्येक राज्य के राज्य क्षेत्र में एक उच्च न्यायालय विद्यमान है।

   कारण (R): भारत के संविधान में प्रावधान है कि प्रत्येक राज्य में एक उच्च न्यायालय हो।

   कूट:

   (a) A तथा R दोनों सत्य हैं, और R, A की सही व्याख्या है
   (b) A तथा R दोनों सत्य हैं, किन्तु R, A की सही व्याख्या नहीं है
   (c) A सही है, किन्तु R गलत है।
   (d) A गलत है, किन्तु R सही है।

2. निम्न कथनों पर विचार कीजिए-

   1. कोई व्यक्ति जिसने किसी उच्च न्यायालय के स्थाई न्यायाधीश के रूप में पद धारण किया है, उच्चतम न्यायालय के सिवाय भारत में किसी न्यायालय या किसी प्राधिकारी के समक्ष अभिवाचन या कार्य नहीं कर सकता।
   2. कोई व्यक्ति, भारत के किसी उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में नियुक्ति के लिए अर्हित नहीं है यदि उसने भारत के राज्यक्षेत्र में कम से कम पाँच वर्ष तक न्यायिक पद धारण नहीं किया।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं ?

   (a) केवल 1
   (b) केवल 2
   (c) दोनों 1 तथा 2
   (d) न ही 1 तथा न ही 2

3. जब भारतीय न्यायिक पद्धति में लोक हित मुकदमा (PIL) लाया गया तब भारत के मुख्य न्यायामूर्ति कौन थे ?

   (a) एम. हिदायतुल्लाह
   (b) ए.एम. अहमदी
   (c) ए.एस. आनन्द
   (d) पी.एन भगवती

4. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-

   1. भारत में 25 उच्च न्यायालय हैं।
   2. पंजाब, हरियाणा और केन्द्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ का एक ही सामूहिक उच्च न्यायालय है।
   3. राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली का स्वयं का उच्च न्यायालय है।

   उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

   (a) 2 और 3 (b) 1 और 2
   (c) 1, 2 और 3 (d) केवल 3

5. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-

   1. संसद भारत के उच्चतम न्यायालय की अधिकारिता को विस्तारित नहीं कर सकती क्योंकि उसकी अधिकारिता वही है जो संविधान ने प्रदान की है।
   2. उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालयों के अधिकारी और सेवक संबद्ध मुख्य न्यायमूर्ति द्वारा नियुक्त किए जाते हैं और न्यायालय का प्रशासनिक व्यय भारत की संचित निधि पर भारित होता है।

   उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

   (a) केवल 1 (b) केवल 2
   (c) दोनों 1 और 2 (d) न ही 1 और न ही 2

6. निम्नलिखित पर विचार कीजिए-

   1. चल कोष्ठिकीय (मोबाइल सेल्युलर) कंपनियों के साथ विवाद
   2. वाहन-दुर्घटना मामले
   3. पेंशन मामले

   उपरोक्त में से किसके/किनके लिए लोक अदालतें होती हैं ?

   (a) केवल 1 (b) 1 और 2
   (c) केवल 2 (d) 1, 2 और 3

7. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-

   1. जिला में उच्चतम दण्ड न्यायालय, जिला और सेशन न्यायाधीश का न्यायालय होता है।
   2. जिला न्यायाधीश की नियुक्ति उच्च न्यायालय से परामर्श कर राज्यपाल द्वारा होती है।
   3. जिला न्यायाधीश की नियुक्ति का पात्र होने के लिए किसी व्यक्ति को सात वर्ष या उससे अधिक अवधि का अधिवक्ता या प्लीडर अथवा संघ या राज्य की न्यायिक सेवा में सेवारत पदाधिकारी होना चाहिए।
   4. यदि सेशन न्यायाधीश मृत्यु दण्ड का निर्णय दे तब मृत्यु दण्ड देने से पूर्व उच्च न्यायालय द्वारा उसका पुष्टिकरण अनिवार्य होता है।

   उपरोक्त कथनों में से कौन-से सही हैं ?

   (a) 1 और 2 (b) 2, 3 और 4
   (c) 3 और 4 (d) 1, 2, 3 और 4

8. विधायी शक्तियों की संघीय सूची में समाविष्ट किसी विषय के संबंध में भारत में उच्चतम न्यायालय के अधिकार क्षेत्र बढ़ाने का अधिकार दिया गया है-

   (a) भारत के राष्ट्रपति को
   (b) भारत के मुख्य न्यायमूर्ति को
   (c) संसद को
   (d) विधि, न्याय और कम्पनी कार्य मंत्रालय को

9. अंडमान व निकोबार द्वीप पर निम्नलिखित उच्च न्यायालयों में से किस एक का क्षेत्राधिकार है ?

   (a) आंध्र प्रदेश
   (b) कलकत्ता
   (c) मद्रास
   (d) उड़ीसा

**10.** उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों को वेतन और भत्ते दिए जाते हैं-
(a) भारत की समेकित निधि से
(b) राज्य की समेकित निधि से
(c) भारत की आकस्मिक निधि से
(d) राज्य की आकस्मिक निधि से

**11.** लोक हित मुकदमे की संकल्पना का प्रारम्भ हुआ था-
(a) यूनाइटेड किंगडम में
(b) ऑस्ट्रेलिया में
(c) संयुक्त राज्य अमेरिका
(d) कनाडा में

**12.** केन्द्र और राज्यों के बीच होने वाले विवादों का निर्णय करने की भारत के उच्चतम न्यायालय की शक्ति आती है-
(a) इसकी परामर्शी अधिकारिता के अंतर्गत
(b) इसकी अपीली अधिकारिता के अंतर्गत
(c) इसकी आरंभिक मूल अधिकारिता के अंतर्गत
(d) इसकी सांविधानिक अधिकारिता के अंतर्गत

**13.** जब किसी उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश प्रशासनिक हैसियत से काम करता है तो वह अधीन होता है-
(a) उच्च न्यायालय के अन्य न्यायाधीशों में से किसी की भी रिट अधिकारिता के
(b) भारत के मुख्य न्यायाधीश द्वारा प्रयुक्त विशेष नियंत्रण के
(c) राज्य के राज्यपाल की विवेकिक शक्तियों के
(d) इस विषय में मुख्यमंत्री को प्रदत्त विशेष शक्तियों के

**14.** भारत के संविधान के अनुसार 'जिला न्यायाधीश' अभिव्यक्ति के अंतर्गत सम्मिलित नहीं होगा-
(a) मुख्य प्रेसीडेंसी मजिस्ट्रेट
(b) सेशन न्यायाधीश
(c) अधिकरण न्यायाधीश
(d) लघुवाद न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश

**15.** उच्चतम न्यायालय की परामर्शी अधिकारिता के विषय में निम्नलिखित में से कौन से कथन सही हैं ?
1. उच्चतम न्यायालय के लिए यह बाध्यकारी है कि वह राष्ट्रपति द्वारा निर्देशित किसी भी मामले में अपना मत व्यक्त करे।
2. परामर्शी अधिकारिता की शक्ति के अधीन प्राप्त किसी निर्देश पर उच्चतम न्यायालय की पूर्ण पीठ सुनवाई करती है।
3. परामर्शी अधिकारिता के अधीन प्राप्त निर्देश पर व्यक्त किया हुआ उच्चतम न्यायालय का मत सरकार पर बाध्यकारी नहीं होता।
4. उच्चतम न्यायालय को उसकी परामर्शी अधिकारिता की शक्ति के अधीन एक बार में केवल एक ही निर्देश भेजा जा सकता है।

नीचे दिए गए कूटों की सहायता से उत्तर का चयन कीजिए:
**कूट:**
(a) 1 और 2 (b) 1 और 3
(c) 2 और 3 (d) 2 और 4

**16.** निम्नलिखित में से किसके मामले उच्च न्यायालय और उच्चतम न्यायालय दोनों की अधिकारिता में आते हैं ?
(a) केन्द्र और राज्यों के बीच के विवाद
(b) राज्यों के परस्पर विवाद
(c) मूल अधिकारों का संरक्षण
(d) संविधान के उल्लंघन से संरक्षण

**17.** सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश की नियुक्ति करते समय राष्ट्रपति परामर्श करते हैं-
(a) विधि मंत्री से
(b) चयन समिति से जिसमें मुख्य न्यायाधीश के अतिरिक्त सर्वोच्च न्यायालय के चार वरिष्ठ न्यायाधीश होते हैं।
(c) एक चयन समिति से जिसमें प्रधानमंत्री और मुख्य न्यायाधीश होते हैं।
(d) एक चयन समिति से जिसमें विपक्षी दल के नेता, प्रधानमंत्री तथा उपराष्ट्रपति होते हैं।

**18.** कोई व्यक्ति गैरकानूनी रूप से किसी पद या अधिकार का प्रयोग करता है तो न्यायालय उसे ऐसा करने से रोकने के लिए कौन सा आदेश देगा ?
(a) अधिकार पृच्छा (b) उत्प्रेषण
(c) परमादेश (d) बन्दी प्रत्यक्षीकरण

**19.** न्यायापालिका के कार्यों के संबंध में विचार करें-
1. कानून की व्याख्या करना
2. कानून का निर्माण करना
3. केन्द्र और राज्यों के बीच उत्पन्न विवादों का निपटारा करना
4. नागरिकों के मौलिक अधिकारों की रक्षा करना।

उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?
(a) 1, 2 और 3 (b) 2, 3 और 4
(c) 1, 3 और 4 (d) सभी

**20.** सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों के लिए योग्यताओं पर ध्यान दें-
1. भारत का नागरिक हो।
2. प्रधानमंत्री की नजर में वह पारंगत विधिवेत्ता या कानून का विशेषज्ञ हो।
3. कम से कम 3 वर्ष तक किसी एक उच्च न्यायालय या लगातार दो या दो से अधिक ऐसे न्यायालयों का न्यायाधीश रह चुका हो।

उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?
(a) 1 और 2 (b) 2 और 3
(c) 1 और 3 (d) केवल 3

21. निम्न कथनों पर विचार करें-

1. सर्वोच्च न्यायालय का कोई भी न्यायाधीश अवकाश ग्रहण कर लेने के बाद देश के किसी भी न्यायालय या न्यायिक अधिकरण के समक्ष वकालत नहीं कर सकता।
2. न्यायिक अधिकरण के अंतर्गत श्रम न्यायालय, आयकर अधिकरण आदि आता है।

उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 (d) कोई नहीं

22. सर्वोच्च न्यायालय के प्रारम्भिक क्षेत्रधिकार से तात्पर्य है-

1. ऐसे मुकदमे जो किसी दूसरे न्यायालय में न जाकर, सीधे सर्वोच्च न्यायालय में आते हैं।
2. ऐसे मुकदमे जो जिला न्यायालय, उच्च न्यायालय से होते हुए सर्वोच्च न्यायालय में आते हैं।
3. ऐसे मुकदमे जो सर्वोच्च न्यायालय में आते ही नहीं।

उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 (d) कोई नहीं

23. निम्न कथनों पर विचार करें-

1. सर्वोच्च न्यायालय की स्थापना और गठन संविधान के अनुच्छेद 124 में है।
2. सर्वोच्च न्यायालय में तदर्थ न्यायाधीशों की नियुक्ति अनुच्छेद 127 में है।

उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 (d) कोई नहीं

24. संविधान द्वारा प्रदत्त मौलिक अधिकारों की व्याख्या और रक्षा करने का अधिकार प्राप्त है-

1. भारत के सर्वोच्च न्यायालय को
2. भारत के उच्च न्यायालय को
3. जिला न्यायालयों को

उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 (d) कोई नहीं

25. फौजदारी मामलों के उन विवादों में उच्च न्यायालय के निर्णय के विरुद्ध सर्वोच्च न्यायालय में अपील की जा सकती है। जिसमें-

1. उच्च न्यायालय ने नीचे के न्यायालय के किसी निर्णय को रद्द करके अभियुक्त को मृत्युदंड दे दिया हो।
2. उच्च न्यायालय ने नीचे के न्यायालय में चले रहे किसी विवाद को अपने यहां मंगवाकर अभियुक्त को मृत्युदंड दे दिया हो।
3. उच्च न्यायालय यह प्रमाणित कर दे कि मामला सर्वोच्च न्यायालय में अपील के योग्य है।

उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

(a) 1 और 2 (b) 2 और 3
(c) 1, 2 और 3 (d) 1 और 3

26. उच्च न्यायालय के संबंध में सही कथन है-

1. उच्च न्यायालय राज्यों के शीर्ष न्यायालय हैं।
2. संसद दो या दो से अधिक राज्यों के लिए एक उच्च न्यायालय की व्यवस्था कर सकती है।
3. उच्च न्यायालयों को भी संविधान तथा नागरिक अधिकारों का संरक्षक बनाया गया है।

उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

(a) 1 और 2 (b) 2 और 3
(c) 1, 2 और 3 (d) 1 और 3

27. उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के संबंध में विचार करें-

1. न्यायाधीश राष्ट्रपति को अपना त्याग पत्र देकर पदमुक्त हो सकते हैं।
2. राष्ट्रपति किसी भी न्यायाधीश को सिद्ध दुराचार या अक्षमता के आरोप से हटा सकते है बशर्ते कि संसद के 2/3 बहुमत से इस संबंध में प्रस्ताव पास हो।

उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 (d) कोई नहीं

28. निम्नलिखित उच्च न्यायालय के राज्य क्षेत्रीय अधिकारिता के संबंध में विचार करें-

1. कोलकाता उच्च न्यायालय—पश्चिमी बंगाल, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह
2. चेन्नई उच्च न्यायालय—तमिलनाडु, पांडिचेरी
3. गुवाहाटी उच्च न्यायालय—उत्तरी पूर्वी राज्य
4. केरल उच्च न्यायालय—केरल, लक्षद्वीप

उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से असत्य है/हैं ?

(a) 1 और 2 (b) 2 और 3
(c) 3 और 4 (d) कोई नहीं

29. उच्च न्यायालय के खंडपीठ के संबंध में विचार करें-

| **उच्च न्यायालय** | **खंडपीठ** |
|---|---|
| 1. मुम्बई उच्च न्यायालय | नागपुर,पणजी और औरंगाबाद |
| 2. कोलकाता उच्च न्यायालय | पोर्ट ब्लेयर |

3. इलाहाबाद उच्च न्यायालय लखनऊ

4. मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय ग्वालियर, इंदौर

उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

(a) 1, 2 और 3
(b) 2, 3 और 4
(c) 1, 3 और 4
(d) सभी

**30.** जनहित याचिका को लोकप्रिय बनाने का श्रेय है-

(a) जस्टिस पी.एन भगवती
(b) न्यायमूर्ति कृष्णाअय्यर
(c) a और b
(d) कोई नहीं

**31.** जनहितवाद के उदय होने के कारणों पर विचार करें-

1. न्याय मिलने में देरी
2. व्यक्ति मुकदमा दायर कर सकता है जिसका विवाद के साथ प्रत्यक्ष संबंध है।
3. खर्चीली न्याय व्यवस्था
4. देश में बढ़ता हुआ भ्रष्टाचार, जन सामान्य के हितों की उपेक्षा, गरीबों का शोषण आदि।

उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

(a) 1, 2 और 3
(b) 2, 3 और 4
(c) 1, 2, 3 और 4
(d) 3 और 4

## उत्तरमाला

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **1.** (d) | **2.** (a) | **3.** (d) | **4.** (a) | **5.** (d) | **6.** (d) | **7.** (d) | **8.** (c) | **9.** (b) | **10.** (b) |
| **11.** (c) | **12.** (c) | **13.** (c) | **14.** (c) | **15.** (c) | **16.** (c) | **17.** (b) | **18.** (a) | **19.** (c) | **20.** (c) |
| **21.** (c) | **22.** (a) | **23.** (c) | **24.** (c) | **25.** (c) | **26.** (c) | **27.** (d) | **28.** (d) | **29.** (d) | **30.** (c) |
| **31.** (c) | | | | | | | | | |

# न्यायपालिकाः उच्च न्यायालय

1. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-
   1. भारत में उच्च न्यायालय के न्यायाधीश को हटाने के लिए रीति, उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश को हटाने की रीति के समान है।
   2. उच्च न्यायालय का कोई स्थायी न्यायाधीश अपने पद से सेवानिवृत्ति के पश्चात भारत में किसी भी न्यायालय या किसी प्रतिधकारी के समक्ष अभिवचन नहीं कर सकता।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं ?

   (a) केवल 1
   (b) केवल 2
   (c) 1 और 2 दोनों
   (d) न तो 1 और न ही 2

2. अंडमान व निकोबार द्वीप पर निम्नलिखित उच्च न्यायालयों में से किस एक का क्षेत्राधिकार है ?

   (a) आंध्र प्रदेश
   (b) कोलकाता
   (c) चेन्नई
   (d) ओडिशा

3. उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों के वेतन और भत्ते दिए जाते हैं-

   (a) भारत की समेकित निधि से
   (b) राज्य की समेकित निधि से
   (c) भारत की आकस्मिकता निधि से
   (d) राज्य की आकस्मिकता निधि से

4. भारत में उच्च न्यायालयों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-
   1. देश में 21 उच्च न्यायालय हैं
   2. उनमें से तीन का क्षेत्राधिकार एक राज्य से अधिक पर है
   3. किसी भी संघ राज्य क्षेत्र का अपना उच्च न्यायालय नहीं है
   4. उच्च न्यायालय के न्यायाधीश 62 वर्ष की उम्र तक पद धारित करते हैं

   इनमें से कौन सा/कौन से वक्तव्य सही है/हैं ?

   (a) 1, 2 और 4 (b) 2 और 3
   (c) 1 और 4 (d) केवल 4

5. जब किसी उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश प्रशासनिक हैसियत से काम करता है तो वह अधीन होता है-

   (a) उच्च न्यायालय के अन्य न्यायाधीशों में से किसी की भी रिट अधिकारिता के
   (b) भारत के मुख्य न्यायाधीश द्वारा प्रयुक्त विशेष नियंत्रण के
   (c) राज्य के राज्यपाल की विवेकाधीन शक्तियों के
   (d) इस विषय में मुख्य मंत्री को प्रदत्त विशेष शक्तियों के

6. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-
   1. जिले में उच्चतम दण्ड न्यायालय, जिला और सेशन न्यायाधीश का न्यायालय होता है।
   2. जिला न्यायाधीश की नियुक्ति उच्च न्यायालय से परामर्श पर राज्यपाल द्वारा होती है।
   3. जिला न्यायाधीश की नियुक्ति का पात्र होने के लिए किसी व्यक्ति को सात वर्ष या उससे अधिक अवधि का अधिवक्ता या प्लीडर अथवा संघ या राज्य की न्यायिक सेवा में सेवारत पदाधिकारी होना चाहिए।
   4. यदि सेशन न्यायाधीश मृत्यु दण्ड का निर्णय दे तब मृत्यु दण्ड देने से पूर्व उच्च न्यायालय द्वारा उसका पुष्टिकरण अनिवार्य होता है।

   उपरोक्त कथनों में से कौन-से सही हैं ?

   (a) 1 और 2 (b) 2, 3 और 4
   (c) 3 और 4 (d) 1, 2, 3 और 4

7. भारत के संविधान के अनुसार 'जिला न्यायाधीश' अभिव्यक्ति के अंतर्गत सम्मिलित नहीं होगा-

   (a) मुख्य प्रेसीडेंसी मजिस्ट्रेट
   (b) सेशन न्यायाधीश
   (c) अधिकरण न्यायाधीश
   (d) लघुवाद न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश

8. उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीशों की संख्या की वृद्धि करने की शक्ति किसके पास है ?

   (a) प्रधानमंत्री
   (b) राष्ट्रपति
   (c) संसद
   (d) विधि मंत्रालय

9. सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश.......के बाद भारत के राष्ट्रपति द्वारा हटाये जा सकते है-

   (a) सी. बी. आई. की जांच
   (b) भारत के मुख्य न्यायाधीश की जांच
   (c) भारत की बार काउंसिल की रिपोर्ट
   (d) संसद में महाभियोग प्रस्ताव पारित होने

10. भारत के सर्वोच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश की नियुक्ति करता है-

   (a) सर्वोच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश
   (b) प्रधानमंत्री
   (c) राष्ट्रपति
   (d) विधि मंत्री

**11.** भारत के कार्यावाहक मुख्य न्यायाधीश की नियुक्ति कौन करता है ?
- (a) भारत का मुख्य न्यायाधीश
- (b) राष्ट्रपति की पूर्व स्वीकृति से भारत का मुख्य न्यायाधीश
- (c) राष्ट्रपति
- (d) भारत के मुख्य न्यायाधीश के परामर्श से राष्ट्रपति

**12.** सर्वोच्च न्यायालय में तदर्थ न्यायाधीशों की नियुक्ति होती है, जब-
- (a) कतिपय न्यायाधीश दीर्घकालीन अवकाश पर जाते है
- (b) स्थाई नियुक्ति के लिए कोई उपलब्ध नहीं होता
- (c) न्यायालय के समक्ष लम्बित वादों में असाधारण वृद्धि होती है
- (d) न्यायालय के किसी सत्र के लिये न्यायाधीशों का कोरम नहीं होता

**13.** भारतीय संविधान का कौन अनुच्छेद संवैधानिक विवाद में सर्वोच्च न्यायालय के अपीलीय क्षेत्राधिकार से संबंधित है ?
- (a) अनुच्छेद 131
- (b) अनुच्छेद 132
- (c) अनुच्छेद 134 A को मिलाकर अनुच्छेद 132 को पढ़ना
- (d) अनुच्छेद 134 A को मिलाकर अनुच्छेद 133 को पढ़ना

**14.** सर्वोच्च न्यायालय में न्यायाधीश नियुक्त होने के लिए व्यक्ति को कम-से-कम कितने वर्ष उच्च न्यायालय का एडवोकेट होना चाहिए ?

(a) 20 (b) 10
(c) 8 (d) 25

**15.** निम्नलिखित में से कौन-से मामले उच्च न्यायालय और उच्चतम न्यायालय की अधिकारिता में आते है ?
- (a) केन्द्र व राज्यों के बीच विवाद
- (b) राज्यो के परस्पर विवाद
- (c) मूल अधिकारों का प्रवर्तन
- (d) संविधान के उल्लंघन से संरक्षण

**16.** हाल ही में उच्चतम न्यायालय ने प्रवासी पंचाट निर्धारण अधिनियम 1983 को संविधान के किस अनुच्छेद के अन्तर्गत केन्द्र के पावन कर्त्तव्य के उल्लंघन पर असंवैधानिक घोषित किया है ?
- (a) अनुच्छेद-355
- (b) अनुच्छेद-356
- (c) अनुच्छेद-256
- (d) अनुच्छेद-257

**17.** एक ऐसी याचिका जो न्यायपालिका द्वारा जारी की जाती है तथा जिसमें कार्यपालिका से कहा जाता है कि वह, वह कार्य करे जो उसे प्रदत्त शक्तियों के अंतर्गत करना चाहिये था, उस रिट (याचिका) को कहा जाता है-

(a) हेबियस कार्पस (b) मेंडमस
(c) प्रोहिबिशन (d) क्वावारण्टे

**18.** बाबरी मस्जिद/राम जन्म भूमि का विवाद जो इलाहाबाद उच्च न्यायालय (लखनऊ न्यायपीठ) के समक्ष है, का प्रकार है-
- (a) परमादेश याचिका
- (b) स्वत्वाधिकार मुकदमा
- (c) क्षतिपूर्ति का दावा
- (d) न्यायिक पुनरीक्षण याचिका

**19.** निम्नलिखित में से किसके अन्तर्गत भारत में सर्वप्रथम सर्वोच्च न्यायालय की स्थापना हुई ?
- (a) रेगुलेटिंग अधिनियम—1773
- (b) चार्टर अधिनियम—1853
- (c) भारत सरकार अधिनियम—1935
- (d) भारतीय संविधान—1950

**20.** भारत के सर्वोच्च न्यायालय की स्थापना हुई थी-
- (a) 1950 के संसद के एक अधिनियम द्वारा
- (b) भारतीय स्वाधीनता अधिनियम, 1947 के अधीन
- (c) भारत सरकार अधिनियम, 1935 के अधीन
- (d) भारतीय संविधान के द्वारा।

**21.** सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की निम्न में से कौन-सी अहर्ता होनी चाहिए ?
- (a) वह किसी एक या अधिक उच्च न्यायालयों में लगातार कम से कम 5 वर्ष तक न्यायाधीश के रूप में कार्य कर चुका हो
- (b) वह किसी एक या अधिक उच्च न्यायालयों में लगातार 10 वर्षों तक अधिवक्ता रहा हो
- (c) वह एक पारंगत विधिवेत्ता हो
- (d) उपर्युक्त में से कोई भी

**22.** सर्वोच्च न्यायालय में तदर्थ न्यायाधीशों की नियुक्ति किस देश की न्याय प्रणाली से प्रेरित है ?

(a) ऑस्ट्रेलिया (b) कनाडा
(c) संयुक्त राज्य अमेरिका (d) फ्रांस

**23.** सर्वोच्च न्यायालय में तदर्थ न्यायाधीशों की नियुक्ति कौन कर सकता है ?
- (a) राष्ट्रपति
- (b) सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के परामर्श से राष्ट्रपति
- (c) सर्वोच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश
- (d) राष्ट्रपति की अनुमति प्राप्त कर सर्वोच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश

**24.** भारत के सर्वोच्च न्यायालय का एक न्यायाधीश कितनी उम्र तक अपने पद पर बना रह सकता है ?

(a) 65 वर्ष (b) 60 वर्ष
(c) 62 वर्ष (d) 58 वर्ष

25. सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश के विरुद्ध महाभियोग का प्रस्ताव पारित हो जाने पर पदच्युति का आदेश कौन जारी कर सकता है ?
(a) सर्वोच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश
(b) राष्ट्रपति
(c) लोकसभाध्यक्ष
(d) मंत्रिपरिषद

26. जब राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति दोनों के पद खाली हो, तब उनके काम कौन करेगा ?
(a) प्रधानमंत्री (b) गृहमंत्री
(c) भारत के मुख्य न्यायाधीश (d) लोकसभाध्यक्ष

27. सेवानिवृत्ति के पश्चात् सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश वकालत कर सकते है–
(a) केवल सर्वोच्च न्यायालय में
(b) केवल उच्च न्यायालय में
(c) सर्वोच्च न्यायालय तथा उच्च न्यायालय दोनों में
(d) किसी भी न्यायालय में नहीं

28. भारत में न्यायपालिका .......................... है–
(a) स्वतंत्र
(b) संसद के अधीन
(c) राष्ट्रपति के अधीन
(d) प्रधानमंत्री के अधीन

29. राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति के निर्वाचन में विवाद के मामलों को किसको प्रस्तुत किया जाता है ?
(a) मुख्य निर्वाचन आयुक्त
(b) संसद
(c) भारत का उच्चतम न्यायालय
(d) इनमें से कोई नहीं

30. भारत में न्यायिक पुनरीक्षण की शक्ति का प्रयोग किया जाता है–
(a) केवल सर्वोच्च न्यायालय द्वारा
(b) सर्वोच्च न्यायालय तथा उच्च न्यायालय द्वारा
(c) भारत के क्षेत्र में सभी न्यायालयों द्वारा
(d) भारत के राष्ट्रपति द्वारा

31. उच्चतम न्यायालय के न्यायिक पुनरीक्षण कार्य का क्या अर्थ है ?
(a) स्वयं अपने निर्णय का पुनरीक्षण
(b) देश में न्यायपालिका के काममकाज का पुनरीक्षण
(c) कानूनों की सांविधानिक वैधता का पुनरीक्षण
(d) संविधान का आवधिक पुनरीक्षण

32. न्यायिक पुनर्विलोकन का अर्थ है कि सर्वोच्च न्यायालय–
(a) को सभी प्रकरणों पर अंतिम अधिकार प्राप्त है
(b) राष्ट्रपति के विरुद्ध दोषारोपण कर सकता है
(c) उच्च न्यायालय द्वारा निर्णित प्रकरणों का समालोचना कर सकता है
(d) किसी भी राज्य के कानून को अवैध घोषित कर सकता है

33. न्यायालय के प्रारम्भिक क्षेत्राधिकार से तात्पर्य है–
(a) मृत्युदण्ड देने का अधिकार
(b) विदेशों में होने वाले मामलों की सुनवाई की योग्यता
(c) पहली बार (सीधे) मामलों की सुनवाई की योग्यता
(d) सरकार को कानूनी मामलों पर सलाह देने की शक्तियाँ

34. निम्नलिखित में से किस मामले को उच्च न्यायालय में प्रत्यक्ष रूप से दाखिल नहीं किया जा सकता है ?
(a) दो अथवा अधिक राज्यों के बीच विवाद
(b) मूल अधिकारों के अतिक्रमण के विरुद्ध मामला
(c) किसी व्यक्ति की सम्पत्ति दूसरे द्वारा बलपूर्वक अधिकृत होने के
(d) उपर्युक्त (a) और (b) दोनों

## उत्तरमाला

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. (a) | 2. (b) | 3. (b) | 4. (d) | 5. (c) | 6. (d) | 7. (c) | 8. (c) | 9. (b) | 10. (c) |
| 11. (c) | 12. (d) | 13. (c) | 14. (b) | 15. (c) | 16. (a) | 17. (b) | 18. (b) | 19. (c) | 20. (c) |
| 21. (d) | 22. (d) | 23. (d) | 24. (a) | 25. (b) | 26. (c) | 27. (d) | 28. (a) | 29. (c) | 30. (a) |
| 31. (c) | 32. (d) | 33. (c) | 34. (c) | | | | | | |

# नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक

1. भारतीय के संपरीक्षा एंव लेखा प्रणालियों का प्रधान कौन होता है ?
   (a) योजना आयोग
   (b) वित्त आयोग
   (c) भारत का नियंत्रण एवं महालेखा
   (d) भारत का महान्यायवादी

2. केन्द्र सरकार के व्यय को निर्यत्रित करने की शक्ति किसमें निहित है ?
   (a) संसद में
   (b) राष्ट्रपति में
   (c) नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक में
   (d) केन्द्रीय वित्त मंत्री में

3. निम्नलिखित में वह कौन-सा अधिकारी है जो भारत सरकार के वित्तीय लेन-देनों में लेखाकरण के लिए जिम्मेदार होता है ?
   (a) वित्त सचिव
   (b) नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक
   (c) महालेखा नियंत्रक
   (d) अध्यक्ष, वित्त आयोग

4. भारत का नियंत्रक एंव महालेखा परीक्षक (C.A.G) किसके लिए मुख्य लेखाकार तथा लेखा परीक्षक के रूप में काम करता है ?
   (a) संघ सरकार के लिए
   (b) राज्य सरकार के लिए
   (c) संघ तथा राज्य सरकार के लिए
   (d) न संघ सरकार के लिए और न ही राज्य सरकार के लिए

5. लेखा परीक्षण का मुख्य उद्देश्य किसके व्यय पर नियंत्रण करना होता है ?
   (a) कार्यपालिका के (b) व्यवस्थापिका के
   (c) न्यायपालिका के (d) उपर्युक्त सभी के

6. भारत के केन्द्रीय स्तर पर लेखांकन तथा लेखा परीक्षण किसके अधिकार क्षेत्र में आता है ?
   (a) नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक
   (b) लोक लेखा समिति
   (c) अनुमान समिति
   (d) उपर्युक्त सभीं

7. भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की नियुक्ति किसके द्वारा की जाती है ?
   (a) राष्ट्रपति
   (b) लोकसभाध्यक्ष
   (c) अध्यक्ष, योजना आयोग
   (d) वित्त मंत्री

8. भारत के नियंत्रक एंव महालेखा परीक्षक की नियुक्ति की अवधि कितनी होती है ?
   (a) 6 वर्ष
   (b) 65 वर्ष
   (c) 6 वर्ष या 65 की आयु तक जो भी पहले पूर्ण हो।
   (d) 64 वर्ष की आयु तक

9. कम्पट्रोलर एण्ड ऑडिटर जनरल सेवानिवृत होते हैं-
   (a) नियुक्ति के 6 वर्ष बाद या 65 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर
   (b) नियुक्ति के 6 वर्ष बाद या 62 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर
   (c) नियुक्ति के 5 वर्ष बाद या 62 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर
   (d) नियुक्ति के 5 वर्ष बाद या 65 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर

10. भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक को किस आधार पर पदच्युत किया जा सकता है ?
    (a) अक्षमता (b) कदाचार
    (c) असमर्थता (d) उपरोक्त सभी

11. भारत के नियंत्रण एवं महालेखा परीक्षक को किस प्रकार पद से हटाया जा सकता है ?
    (a) उसके विरुद्ध न्यायालय में अभियोग दाखिल करके
    (b) उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश को पद से हटाने की प्रक्रिया की तरह से
    (c) राष्ट्रपति से अपील करके
    (d) उसे किसी भी प्रकार नहीं हटाया जा सकता

12. नियंत्रक एंव महालेखा परीक्षक को पदमुक्त किया जा सकता है-
    (a) उसी प्रकार किस प्रकार राष्ट्रपति को हटाया जाता है
    (b) उसी प्रकार जिस प्रकार उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश को हटाया जाता है
    (c) सर्वोच्च न्यायालय के प्रतिवेदन पर राष्ट्रपति द्वारा
    (d) इनमें से कोई नहीं

13. किन आधारों पर दोषसिद्धि करने के बाद संसद के दोनों सदनों में दो तिहाई बहुमत से प्रस्ताव पारित कर भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक को पद से हटाया जा सकता है ?
    (a) कदाचार (b) अक्षमता
    (c) उपर्युक्त दोनों (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

14. निम्न में से किसे सेवानिवृत पदाधिकारी को सरकार के अधीन किसी पद पर नियुक्त करने पर वर्जना है ?
    (a) सर्वोच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश
    (b) भारत का महान्यायवादी
    (c) सालिसिटर जनरल ऑफ इण्डिया
    (d) कम्पटोलर एण्ड ऑडिटर जनरल

15. नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक अपना प्रतिवेदन किसे देता है ?
(a) लोक लेखा समिति को
(b) संसद को
(c) राष्ट्रपति को
(d) लोकसभा अध्यक्ष को

16. भारत का नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक अपना प्रतिवेदन देता है–
(a) लोकसभा अध्यक्ष को (b) प्रधानमंत्री को
(c) वित्त मंत्री को (d) राष्ट्रपति को

17. भारत के नियंत्रक एवं माहलेखा परीक्षक द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के आधार पर कौन–सी समिति कार्य करती है ?
(a) लोक लेखा समिति
(b) प्राक्कलन समिति
(c) सरकारी उपक्रम समिति
(d) विशेषाधिकार समिति

18. भारत का नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक निम्नलिखित में से किस समिति के मित्र, दार्शनिक और निर्देशक के रूप में कार्य करता है ?
(a) लोक लेखा समिति
(b) सरकारी उपक्रम समिति
(c) प्राक्कलन समिति
(d) सार्वजनिक उपक्रम समिति

19. भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक के बारे में सही कथन है–
(a) इसकी नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा की जाती है।
(b) उस पर महाभियोग चलाया जा सकता है।
(c) वह केवल लोक उपक्रमों को लेखा परीक्षण कर सकता है।
(d) भारत सरकार के मंत्रालयों का लेखा तैयार करता है।

20. निम्नलिखित कर्त्तव्यों में से कौन से एक का भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक द्वारा पालन नहीं किया जाता ?
(a) भारत की संचित निधि से होने वाले सभी व्ययों का लेखा परीक्षण करना और उनके संबंध में प्रतिवेदन प्रस्तुत करना।
(b) आकस्मिकता निधि ओर लोक लेखाओं से होने वाले सभी व्ययों की लेखा परीक्षा करना और उनके संबंध में प्रतिवेदन प्रस्तुत करना।
(c) सभी व्यापार, निर्माण लाभ और हानि लेखाओं की लेखा परीक्षण करना और उनके संबंध में प्रतिवेदन प्रस्तुत करना।
(d) सार्वजनिक धन की प्राप्ति और निर्गम का नियंत्रण करना और यह सुनिश्चित करना कि सार्वजनिक राजस्व राजकोष में जमा हो।

21. क्या भारत का नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक पद ग्रहाण के पूर्व शपथ लेता है ?
(a) हां
(b) नहीं
(c) स्पष्ट नहीं है
(d) कहा नहीं जा सकता

22. निम्नलिखित में से किसकी नियुक्ति लोकधन के व्यय की निगरानी के लिए संसदीय प्रहरी के रूप में की जाती है ?
(a) महान्यायवादी
(b) सॉलिसिटर जनरल
(c) नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक
(d) एडवोकेट जनरल

## उत्तरमाला

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **1.** (c) | **2.** (c) | **3.** (b) | **4.** (c) | **5.** (a) | **6.** (a) | **7.** (a) | **8.** (c) | **9.** (a) | **10.** (d) |
| **11.** (b) | **12.** (b) | **13.** (c) | **14.** (d) | **15.** (b) | **16.** (d) | **17.** (a) | **18.** (a) | **19.** (a) | **20.** (c) |
| **21.** (a) | **22.** (c) | | | | | | | | |

# केंद्र—राज्य संबंध

1. भारत के संविधान से संबंधित, निम्नलिखित युग्मों में से कौन-सा एक सही सुमेलित नहीं है ?

| | | |
|---|---|---|
| (a) वन | : | समवर्ती सूची |
| (b) शेयर बाजार | : | समवर्ती सूची |
| (c) डाकघर बचत बैंक | : | संघीय सूची |
| (d) लोक स्वास्थ्य | : | राज्य सूची |

2. सकारिया आयोग किसके अध्ययन के लिए गठित किया गया था ?
   (a) राष्ट्रपति एवं राज्यपाल का संबंध
   (b) केन्द्र राज्य संबंध
   (c) राज्य एवं पंचायत निकाय संबंध
   (d) राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री का संबंध

3. 'संघ का यह कर्त्तव्य होगा कि वह बाहय आक्रमण तथा आन्तरिक गड़बड़ी से प्रत्येक राज्य की रक्षा करे' ऐसा प्रावधान भारतीय संविधान के निम्न अनुच्छेदों में से किस एक में है ?
   (a) अनुच्छेद 215 (b) अनुच्छेद 275
   (c) अनुच्छेद 325 (d) अनुच्छेद 355

4. निम्न कथनों पर विचार कीजिए-

   भारत में वित्तीय सौदों पर स्टांप शुल्क
   1. राज्य सरकार द्वारा लगाया व वसूल किया जाता है।
   2. कर विनियोजन संघ सरकार द्वारा किया जाता है।

   इन कथनों में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?
   (a) केवल 1
   (b) केवल 2
   (c) दोनों 1 तथा 2
   (d) दोनों में से कोई भी नहीं

5. निम्न कथनों पर विचार कीजिए-

   वित्त आयोग का/के कार्य है/हैं-
   1. भारत की संचित निधि से धन निकालने की अनुमति देना।
   2. प्राप्त करों को राज्यों के भागों में बाँटना।
   3. सहायता अनुदान के लिए राज्यों के आवेदनों पर विचार।
   4. संघ सरकार तथा राज्य सरकारें बजट के प्रावधानों के अनुसार करों की उगाही कर रही है या नहीं, इसकी देखरेख करना तथा उस पर रिपोर्ट देना।

   इन कथनों में कौन-सा/से सही है/हैं ?
   (a) केवल 1 (b) 2 और 3
   (c) 3 और 4 (d) 1, 2 और 4

6. निम्नलिखित में से कौन सा प्राधिकरण भारत की समेकित निधि में राज्यों का राजस्व का सहायताअनुदान देने वाले सिद्धांतों की अनुशंसा करता है ?
   (a) वित्त आयोग
   (b) अंतर्राज्यीय परिषद्
   (c) केंद्रीय वित्त मंत्रालय
   (d) लोक लेखा समिति

7. अंतर्राष्ट्रीय संधियों को भारत के किसी भाग अथवा सम्पूर्ण भारत में लागू करने के लिये संसद कोई भी कानून बना सकती है-
   (a) सभी राज्यों की सहमति से
   (b) बहुसंख्य राज्यों की सहमति से
   (c) संबंधित राज्यों की सहमति से
   (d) बिना किसी राज्य की सहमति से

8. जनवरी, 2000 में राज्यों के वित्तमंत्रियों की स्थायी समिति ने सभी राज्यों में समान दरें लागू करने की संस्तुति की थी-
   (a) अतिरिक्त मूल्य कर के विषय में
   (b) बिक्रीकर के विषय में
   (c) स्टांप ड्यूटी एवं पंजीकरण शुल्क के विषय में
   (d) कृषि-आयकर के विषय में

9. भारत में वित्त-आयोग का मुख्य कार्य है-
   (a) केन्द्र तथा राज्य के बीच राजस्व का वितरण करना
   (b) वार्षिक बजट तैयार करना
   (c) राष्ट्रपति को वित्तीय मामलों पर परामर्श देना
   (d) संघ एवं राज्य सरकारों के विभिन्न मंत्रालयों के लिए निधियों का विनिधान करना

10. निम्नलिखित में से किस कर का आरोपण केन्द्र करता है किन्तु संग्रह और विनियोजन राज्य करते हैं ?
    (a) स्टाम्प शुल्क
    (b) यात्री और माल कर
    (c) संपदा शुल्क
    (d) समाचार पत्रों पर कर

11. निम्नलिखित में से किससे विनिर्धारित होता है कि भारत का संविधान परिसंघीय है ?
    (a) संविधान लिखित और अनम्य है
    (b) न्यायपालिका स्वतंत्र है
    (c) अवशिष्ट शक्तियों का केन्द्र में निहित होना
    (d) केन्द्र और राज्यों के बीच शक्तियों का वितरण

12. निम्नलिखित में से कौन सा मद भारत के संविधान की समवर्ती सूची में है?

(a) जनसंख्या नियंत्रण और परिवार नियोजन
(b) लोकस्वास्थ्य और स्वच्छता
(c) प्रतिव्यक्ति कर
(d) निखात निधि

13. क्षेत्रीय परिषदें, जिनका उद्देश्य विभिन्न राज्यों के बीच सहयोग सुनिश्चित करना है, के निर्माण का स्रोत है-

(a) राज्य पुनर्गठन अधिनियम 1956
(b) संविधान के प्रावधान द्वारा
(c) आपातकाल के दौरान किया गया 42वां संविधान संशोधन
(d) इनमें से कोई नहीं

14. राज्य सूची के किसी विषय पर संसद कानून बना सकती है तब जब-

1. आपातकाल लागू हो
2. यदि दो या दो से अधिक राज्य, राज्य सूची के किसी विषय पर संसद से कानून बनाने का अनुरोध करें।
3. यदि राज्य सभा इस आशय का प्रस्ताव पारित कर दे कि राज्य सूची का कोई विषय राष्ट्रीय महत्व का हो गया है।

उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) 1 और 2 (b) 2 और 3
(c) 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

15. राज्य सूची के किसी विषय पर केन्द्र सरकार कानून बना सकती है, यदि-

(a) सर्वोच्च न्यायालय संसद को आवश्यक प्राधिकार प्रदान करे।
(b) राष्ट्रपति राष्ट्रीय हित को ध्यान में रखते हुए अध्यादेश जारी करे।
(c) राज्य सभा दो तिहाई बहुमत से इस आशय का प्रस्ताव पारित करे कि राज्य सूची का कोई विषय राष्ट्रीय महत्व का हो गया है।
(d) संसद इस आशय का प्रस्ताव पारित करे कि ऐसा करना राष्ट्र हित में आवश्यक हो गया है।

16. भारतीय संघवाद की निम्नलिखित में से कौन-सी विशेषताएं सही हैं-

1. यह केन्द्र और राज्यों के बीच शक्तियों का विभाजन करता है।
2. यह एक स्वतंत्र न्यायपालिका की व्यवस्था करता है।
3. यह राज्य सभा में राज्यों के लिए समान प्रतिनिधित्व की व्यवस्था करता है।
4. इसके अन्तर्गत लिखित संविधान की व्यवस्था है।

उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) 1, 2 और 4 (b) 2, 3 और 4
(c) 1, 2 और 3 (d) सभी

17. भारतीय संविधान की आत्मा एकात्मक है क्योंकि-

(a) कुछ परिस्थितियों में संसद राज्यों के लिए कानून बना सकती है।
(b) अखिल भारतीय सेवाओं की व्यवस्था है।
(c) संविधान में संशोधन प्रस्तावित करने की शक्ति केवल संघीय संसद में निहित है।
(d) उपर्युक्त सभी सही हैं।

18. राज्य सूची के किसी विषय पर संघीय व्यवस्थापिका तब तक कानून नहीं बना सकती जब तक कि-

(a) राष्ट्रपति द्वारा ऐसा कहा जाए।
(b) राज्य सभा द्वारा इस आशय का प्रस्ताव पारित किया जाए कि ऐसा करना राष्ट्रहित में आवश्यक हो गया है।
(c) लोकसभा अध्यक्ष यह प्रमाणित कर दे कि ऐसा करना आवश्यक है।
(d) राष्ट्रीय आपात की स्थिति हो।

19. निम्नलिखित में से कौन-कौन अखिल भारतीय सेवाएं हैं?

1. भारतीय पुलिस सेवा
2. भारतीय प्रशासनिक सेवा
3. भारतीय विदेश सेवा
4. भारतीय वन सेवा

उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) 1, 2 और 3 (b) 1, 2 और 4
(c) 1 और 2 (d) सभी

20. क्षेत्रीय परिषदों का मुख्य उद्देश्य है/हैं, यह सुनिश्चित करना कि-

1. राष्ट्रीय महत्व के तथा अन्य विषयों पर राज्यों के बीच सहयोग में वृद्धि।
2. विभिन्न राज्यों द्वारा पारित कानून एक दूसरे के विरुद्ध न हों।
3. राज्यों के सीमित संसाधनों का बेहतर उपयोग।

उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) 1, 2 और 3 (b) 1 और 3
(c) 1 और 2 (d) केवल 1

21. भारत के राज्यों पर केन्द्र के बढ़ते नियंत्रण के लिए निम्नलिखित में से कौन-से कारक उत्तरदायी हैं?

1. राज्यों में दृढ़ नेतृत्व का अभाव
2. दलीय अनुशासन पर बल
3. राज्यों की केन्द्र पर आर्थिक निर्भरता
4. क्षेत्रीय दलों का उदय

उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) 1, 2 और 3 (b) 1 और 3
(c) 1 और 2 (d) केवल 3

22. संविधान के अनुसार 'अवशिष्ट शक्तियां' केन्द्र में निहित है, परन्तु किसी विषय के अवशिष्ट शक्तियों के अन्तर्गत आने या न आने का निर्धारण करने की अन्तिम शक्ति निहित है-

(a) संसद में
(b) राष्ट्रपति में
(c) राज्यसभा में
(d) सर्वोच्च न्यायालय में

23. केन्द्र-राज्य संबंधों को विशेष रूप से किस प्रसंग में 'म्यूनिसिपल संबंध' कहा गया है ?

(a) विधायन के क्षेत्र में राज्य पर केन्द्र के नियंत्रण के प्रसंग में
(b) वित्तीय मामलों में राज्य पर केन्द्र के नियंत्रण के प्रसंग में
(c) प्रशासनिक क्षेत्र में राज्य पर केन्द्र के नियंत्रण के प्रसंग में
(d) योजना प्रक्रम में राज्य पर केन्द्र के नियंत्रण के प्रसंग

24. भारत में केन्द्र की भांति राज्यों में भी मंत्रिमंडलीय शासन की स्थापना की गई है, जिसमें राज्यपाल-

1. मंत्रिपरिषद् की सलाह के अनुसार कार्य करता है
2. अपने विवेकाधीन कृत्यों में वह मंत्रिपरिषद् की सलाह मानने के लिए बाध्य नहीं है
3. राज्य के संवैधानिक प्रमुख और केन्द्र के अभिकर्त्ता के रूप में वह अपनी दोहरी भूमिका का निर्वाह करता है।
4. राष्ट्रपति के प्रसादपर्यन्त अपना पद धारण करता है।

(a) 1 और 4 सही है
(b) 1, 2, 3 और 4 सही है
(c) 1, 2 और 3 सही है
(d) 2, 3 और 4 सही है

25. निम्नलिखित का मिलान कीजिए-

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| (A) राज्यपाल किसी अपराध के लिए दोषी किसी व्यक्ति के दंड को क्षमा, कम, स्थगित या परिवर्तित कर सकता है | 1.अनुच्छेद 213 के अधीन |
| (B) राष्ट्रपति की भांति राज्यपाल भी अध्यादेश जारी कर सकता है | 2.अनुच्छेद 161 के अनुसार |
| (C) मृत्युदंड को केवल राष्ट्रपति क्षमा कर सकता है | 3.अनुच्छेद 72(ग) के अधीन |
| (D) राष्ट्रपति के विचार हेतु आरक्षित | 4.अनुच्छेद 200 और 201 की व्यवस्था विधेयक |

कूटः

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (b) | 1 | 4 | 3 | 2 |
| (c) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (d) | 4 | 3 | 2 | 1 |

26. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए तथा नीचे दिए गए कूटों में से सही कूट का चयन कीजिए

1. भारतीय संविधान कठोरता एवं लचीलेपन का समन्वय है।
2. भारतीय संविधान, लिखित संविधानों में एक सर्वाधिक विशाल संविधान है।
3. भारतीय संविधान के अनुसार भारत राज्यों का यूनियन है।
4. भारत में इकहरी नागरिकता तो है, परन्तु इकहरी न्यायपालिका नहीं है।

कूटः

(a) 1, 2, 3
(b) 1, 3, 4
(c) 1, 2, 4
(d) 2, 3

27. निम्नलिखित में से किससे विनिर्धारित होता है कि भारत का संविधान परिसंघीय है ?

(a) संविधान लिखित और अनम्य है
(b) न्यायपालिका स्वतंत्र है
(c) अवशिष्ट शक्तियों का केन्द्र में निहित होना
(d) केन्द्र और राज्यों के बीच शक्तियों का वितरण

28. निम्नलिखित में से कौन सा मद भारत के संविधान की समवर्ती सूची में है ?

(a) जनसंख्या नियंत्रण और परिवार नियोजन
(b) लोकस्वास्थ्य और स्वच्छता
(c) प्रतिव्यक्ति कर
(d) निखात निधि

29. क्षेत्रीय परिषदें, जिनका उद्देश्य विभिन्न राज्यों के बीच सहयोग सुनिश्चित करना है, के निर्माण का स्रोत है-

(a) राज्य पुनर्गठन अधिनियम 1956
(b) संविधान के प्रावधान द्वारा
(c) आपातकाल के दौरान किया गया 42वां संविधान संशोधन
(d) इनमें से कोई नहीं

30. राज्य सूची के किसी विषय पर संसद कानून बना सकती है तब जब-

1. आपातकाल लागू हो
2. यदि दो या दो से अधिक राज्य, राज्य सूची के किसी विषय पर संसद से कानून बनाने का अनुरोध करे।
3. यदि राज्य सभा इस आशय का प्रस्ताव पारित कर दे कि राज्य सूची का कोई विषय राष्ट्रीय महत्व का हो गया है।

उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

(a) 1 और 2
(b) 2 और 3
(c) 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

31. राज्य सूची के किसी विषय पर केन्द्र सरकार कानून बना सकती है, यदि-

(a) सर्वोच्च न्यायालय संसद को आवश्यक प्राधिकार प्रदान करे।

(b) राष्ट्रपति राष्ट्रीय हित को ध्यान में रखते हुए अध्यादेश जारी करे।

(c) राज्य सभा दो तिहाई बहुमत से इस आशय का प्रस्ताव पारित करे कि राज्य सूची का कोई विषय राष्ट्रीय महत्व का हो गया है।

(d) संसद इस आशय का प्रस्ताव पारित करे कि ऐसा करना राष्ट्र हित में आवश्यक हो गया है।

## उत्तरमाला

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **1.** (b) | **2.** (c) | **3.** (d) | **4.** (a) | **5.** (b) | **6.** (a) | **7.** (d) | **8.** (b) | **9.** (a) | **10.** (a) |
| **11.** (d) | **12.** (a) | **13.** (a) | **14.** (d) | **15.** (c) | **16.** (a) | **17.** (d) | **18.** (b) | **19.** (b) | **20.** (d) |
| **21.** (a) | **22.** (d) | **23.** (d) | **24.** (c) | **25.** (d) | **26.** (a) | **27.** (d) | **28.** (a) | **29.** (a) | **30.** (d) |
| **31.** (c) | | | | | | | | | |

# राज्य सरकार

1. भारत के संविधान के निम्नलिखित अनुच्छेदों में से किसके अनुसार प्रत्येक राज्य की कार्यपालिका शक्ति का इस प्रकार प्रयोग किया जाएगा जिससे संघ की कार्यपालिका शक्ति के प्रयोग में कोई अड़चन न हो या उस पर कोई प्रतिकूल प्रभाव न पड़े?

   (a) अनुच्छेद 257 (b) अनुच्छेद 258
   (c) अनुच्छेद 355 (d) अनुच्छेद 356

2. सूची-I (संविधान का अनुच्छेद) को सूची-II के साथ (अन्तर्वस्तु) से सुमेल कीजिए और सूचियों के नीचे दिये हुए कूटों का उपयोग करते हुए उत्तर का चयन कीजिए-

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| A. अनुच्छेद 54 | 1. भारत के राष्ट्रपति का निर्वाचन |
| B. अनुच्छेद 75 | 2. प्रधानमंत्री और मंत्रिपरिषद् की नियुक्ति |
| C. अनुच्छेद 155 | 3. राज्य के राज्यपाल की नियुक्ति |
| D. अनुच्छेद 164 | 4. राज्य के मुख्यमंत्री और मंत्रिपरिषद की नियुक्ति |
| | 5. विधान सभाओं की संरचना |

कूटः

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (b) | 1 | 2 | 4 | 5 |
| (c) | 2 | 1 | 3 | 5 |
| (d) | 2 | 1 | 4 | 3 |

3. संविधान के अनुच्छेद 156 में उपबंध है कि राज्यपाल अपने पदग्रहण की तारीख से पांच वर्ष की अवधि तक पद धारण करेगा। इससे निम्नलिखित में से कौन सा निष्कर्ष निकाला जा सकता है?

   1. किसी राज्यपाल को उसकी पदावधि पूरी होने से पूर्व पद से नहीं हटाया जा सकता।
   2. कोई राज्यपाल पांच वर्ष की अवधि के बाद अपने पद पर बना नहीं रह सकता।

   नीचे दिए हुए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए-

   कूटः

   (a) केवल 1 (b) केवल 2
   (c) 1 और 2 (दोनों) (d) दोनों ही नहीं

4. संविधान के मसौदे में निर्वाचित राज्यपालों के प्रावधानों की मूल योजना को छोड़ दिया गया था, क्योंकि-

   (1) इसका तात्पर्य होता एक दूसरा निर्वाचन
   (2) निर्वाचन प्रमुख राजनीतिक मुद्दों पर लड़ा जाता
   (3) निर्वाचित राज्यपाल अपने को मुख्य मंत्री से बड़ा मानता
   (4) राज्यपाल को संसदीय प्रणाली के अधीन ही कार्य करना था

   इन कथनों में से कौन सही हैं?

   (a) 1 तथा 2 (b) 2 तथा 3
   (c) 1, 3 तथा 4 (d) 2, 3 तथा 4

5. राज्य सरकार का कार्यकारी अध्यक्ष/संवैधानिक प्रमुख कौन है?

   (a) मुख्य मंत्री (b) राज्यपाल
   (c) मुख्य मंत्री का सचिव (d) मुख्य सचिव

6. जम्मू एवं कश्मीर के राज्यपाल की नियुक्ति कौन करता है?

   (a) जम्मू कश्मीर का मुख्यमंत्री
   (b) जम्मू एवं कश्मीर उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश
   (c) भारत का प्रधानमंत्री
   (d) भारत का राष्ट्रपति

7. किसी भारतीय राज्य के राज्यपाल से संबंधित निम्नलिखित कथनों में कौन सा कथन सत्य नहीं है?

   (a) वह भारत के राष्ट्रपति द्वारा नियुक्त होता है
   (b) वह एक से अधिक राज्यों का राज्यपाल हो सकता है
   (c) वह पांच वर्ष तक पद पर रहता है
   (d) यदि संबंधित राज्य की व्यवस्थापिका उसे पद से हटाये जाने का प्रस्ताव स्वीकार करती है तो वह पदावधि के पूर्व भी पददमुक्त किया जा सकता है

8. राज्यपाल के वेतन और भत्ते दिए जाते हैं-

   (a) कन्सॉलिडेटेड फंड ऑफ स्टेट से
   (b) कन्सॉलिडेटेड फंड ऑफ इण्डिया से
   (c) कन्टिन्जेन्सी फंड ऑफ स्टेट से
   (d) (a) और (b) दोनों द्वारा

9. स्वतंत्र भारत में किसी राज्य की राज्यपाल बनने वाली प्रथम महिला..................थीं।

   (a) विजय लक्ष्मी पण्डित (b) सरोजिनी नायडू
   (c) सुचेता कृपलानी (d) फतिमा बीबी

10. भारत में राज्य विधानपालिकाओं का उच्च सदन कौन-सा है?

   (a) विधानपालिका परिषद्
   (b) विधानपालिका समिति
   (c) राज्यपाल का कार्यालय
   (d) इनमें से कोई नहीं

11. राज्य में दूसरे सदन की स्थापना करने से संबंधित कौन सी विधि है?

   (a) लोक सभा द्वारा साधारण बहुमत से पारित प्रस्ताव
   (b) संबंधित राज्य के विधान सभा द्वारा पूर्ण बहुमत से पारित प्रस्ताव
   (c) संबंधित राज्य के विधान सभा द्वारा साधारण बहुमत से पारित प्रस्ताव और पारित विधि द्वारा
   (d) लोक सभा द्वारा पूर्ण बहुमत से पारित प्रस्ताव

12. राज्य के महाधिवक्ता की नियुक्ति कौन करता है ?
   (a) राष्ट्रपति
   (b) उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश
   (c) राज्यपाल
   (d) राज्य लोक सेवा आयोग

13. राज्य की विधान सभा के सत्रावसान का आदेश किसके द्वारा दिया जाता है ?
   (a) राज्यपाल (b) विधान सभा अध्यक्ष
   (b) मुख्य मंत्री (d) विधि मंत्री

14. राज्यपाल अपना त्यागपत्र किसे देता है ?
   (a) राज्य के मुख्यमंत्री को
   (b) प्रधानमंत्री को
   (c) संसद को
   (d) राष्ट्रपति को

15. निम्नलिखित में से किसको महाभियोग के बिना हटाया जा सकता है ?
   (a) भारत के राष्ट्रपति को
   (b) भारत के मुख्य न्यायाधीश को
   (c) किसी राज्य के राज्यपाल को
   (d) मुख्य निर्वाचन आयुक्त को

16. जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल को कौन नियुक्त करता है ?
   (a) राज्य का मुख्यमंत्री
   (b) भारत का राष्ट्रपति
   (c) प्रधानमंत्री
   (d) उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश

17 किसी भारतीय राज्य के राज्यपाल से संबंधित निम्नलिखित में से कान-सा कथन सही नहीं है ?
   (a) वह भारत के राष्ट्रपति द्वारा नियुक्त होता है
   (b) वह 5 वर्ष तक पद पर रह सकता है
   (c) यदि संबंधित राज्य की विधायिका उसे पद से हटाये जाने के लिए प्रस्ताव पारित करती है तो वह पदमुक्त किया जा रहा है
   (d) वह एक से अधिक राज्यों का राज्यपाल हो सकता है

18. राज्यों के गवर्नर संविधान के अन्तर्गत किसके प्रति अपने आचरण के लिए उत्तरदायी होते हैं ?
   (a) राज्य के मुख्यमंत्री (b) संघ के प्रधानमंत्री
   (c) राज्य विधानसभा (d) राष्ट्रपति

19. भारतीय संविधान के अनुसार, राज्यों की विधायिका में सम्मिलित है–
   (a) विधान परिषद एवं राज्यपाल
   (b) विधान सभा एवं विधान परिषद
   (c) विधान सभा एवं राज्यपाल
   (d) राज्यपाल, विधान सभा एवं विधान परिषद जहां इसका अस्तित्त्व है।

20. निम्नलिखित में से कौन भारत के राष्ट्रपति की इच्छा तक ही पद पर बना रहता है ?
   (a) निर्वाचन आयुक्त
   (b) राज्यपाल
   (c) उच्चतम न्यायालय का न्यायाधीश
   (d) लोकसभा अध्यक्ष

21. संविधान के अनुसार राज्यपाल पद पर नियुक्त होने के लिए क्या अर्हताएं होनी चाहिए ?
   (a) वह भारत का नागरिक हो एवं 35 वर्ष की आयु पूरी कर चुका हो
   (b) वह संसद या किसी राज्य के विधानमंडल का सदस्य न हो
   (c) वह कोई अन्य लाभ का पद धारण न करता हो
   (d) उपर्युक्त सभी

22. राज्यपाल की नियुक्ति से सम्बन्धित महत्वपूर्ण परम्परा है–
   (a) एक राज्य में किसी अन्य राज्य के निवासी को ही राज्यपाल नियुक्त किया जाता है
   (b) निर्वाचन में पराजित और अन्य प्रकार से अस्वीकार्य राजनीतिज्ञों को राज्यपाल के पद पर नियुक्त कर दिया जाता है
   (c) राज्यपाल की नियुक्ति से पूर्व संघीय सरकार संबंधित राज्य के मुख्यमंत्री से परामर्श लेती है
   (d) किसी राज्यपाल को उसका कार्यकाल समाप्त हो जाने के बाद सामान्य तौर पर फिर से नियुक्त नहीं किया जाता है

23. राज्यपाल अपने राज्य के विधान परिषद् (यदि विधानमण्डल द्विसदनीय है) में निम्न में किन क्षेत्रों से सम्बन्धित शक्तियों को मनोनीत कर सकता है ?
   (a) कला और साहित्य
   (b) विज्ञान
   (c) सामाजिक सेवा व सहकारिता आंदोलन
   (b) उपर्युक्त सभी

24. राज्यपाल को उसके पद एवं गोपनीयता की शपथ कौन दिलाता है ?
   (a) राज्य उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीया
   (b) राष्ट्रपति
   (c) राज्य विधानसभा का अध्यक्ष
   (d) उसे शपथ नहीं लेनी पड़ती

25. वर्ष 1970 में राष्ट्रपति ने किसकी अध्यक्षता में राज्यपाल का राज्य मंत्रिमंडल के साथ सम्बन्ध निश्चित करने के लिए एक समिति का गठन किया ?
   (a) बी. विश्वनाथन
   (b) एम.एम. धवन
   (c) वी. गोपाला रेडडी
   (d) भगवान सहाय

26. 'राज्यपाल सोने के पिंजरे में निवास करने वाली चिड़िया के समतुल्य है।' यह किसका कथन है?
(a) श्री प्रकाश (b) सरोजिनी नायडू
(c) धर्मवीर (d) जी. डी. तपासे

27. राज्यपाल के अभिभाषण का अर्थ है-
(a) विधानसभा का बजट अभिभाषण
(b) विधान परिषद् का बजट अभिभाषण
(c) विधानमण्डल के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में दिया गया भाषण
(d) विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह का भाषण

**निर्देश:** निम्न प्रश्नांशों में दो वक्तव्य दिए गए हैं। एक को कथन कहा गया है और दूसरे को कारण

उपर्युक्त दोनों वक्तव्यों को पढ़कर सही उत्तर का चयन निम्न कूटों की सहायता से कीजिए।

**कूट:**
(a) A और R दोनों सही हैं तथा R, A का सही स्पष्टीकरण है।
(b) A और R दोनों सही हैं, परन्तु R, A का सही स्पष्टीकरण नहीं है।
(c) A सही है, परन्तु R गलत है।
(d) A गलत है, परन्तु R सही है।

28. **कथन (A):** राज्यपाल को राज्य लोकसेवा आयोग के सदस्यों को हटाने का अधिकार नहीं है।

**कारण (R):** राज्य लोक सेवा आयोग के सदस्यों की नियुक्ति राष्ट्रपति करता है।

29. राज्यपाल की स्वस्थ भूमिका है-
(a) राज्य के संवैधानिक अध्यक्ष की
(b) केन्द्र एवं राज्य के मध्य कड़ी की
(c) केन्द्र के अभिकर्ता की
(d) इनमें से कोई नहीं

30. राज्यपाल को निम्नलिखित में से कौन-सी शक्ति प्राप्त नहीं है?
(a) मृत्यु के दण्डादेश के विरुद्ध क्षमादान का
(b) मृत्यु दण्ड के प्रतिलम्बन का
(c) मृत्यु दण्ड के परिहार या लघुकरण का
(d) इनमें से कोई नहीं

31. गवर्नर द्वारा जारी किया गया अध्यादेश किसके द्वारा मंजूर किया जाता है?
(a) राष्ट्रपति
(b) विधान परिषद के मंत्रियों द्वारा
(c) विधानमण्डल
(d) उपर्युक्त सभी

32. किसी राज्य के राज्यपाल को निम्नलिखित में से किसकी शक्ति प्राप्त नहीं है?
(a) विधान सभा का सत्रावसान करने का
(b) विधान सभा भंग करने का
(c) विधान सभा स्थापित करने का
(d) विधान सभा बुलाने का

33. राज्यपाल द्वारा जारी किये गये अध्यादेशों पर कौन-सी कार्यवाही आवश्यक होती है?
(a) राष्ट्रपति की स्वीकृति
(b) राज्य विधान मंडल की स्वीकृति
(c) लोकसभा की स्वीकृति
(d) प्रधानमंत्री की स्वीकृति

34. राज्य सरकार को बर्खास्त किया जा सकता है-
(a) राज्यपाल की सिफारिश पर राष्ट्रपति द्वारा
(b) राज्यपाल की सिफारिश पर प्रधानमंत्री द्वारा
(c) राज्यपाल की सिफारिश पर गृहमंत्री द्वारा
(d) भारत के प्रधानमंत्री द्वारा

35. सामान्यत: राज्यों के मुख्यमंत्री-
(a) विधान सभा के सदस्य होते हैं
(b) विधान परिषद् के सदस्य होते हैं
(c) विधान सभा में बहुमत दल का नेता होता है
(d) विधान परिषद् में बहुमत दल का नेता होता है

36. किसी राज्य के मंत्रिपरिषद् की बैठक की अध्यक्षता कौन करता है?
(a) राज्यपाल
(b) विधान सभाध्यक्ष
(c) मुख्यमंत्री
(d) मुख्य सचिव

37. राष्ट्रीय विकास परिषद् की बैठक में राज्य का प्रतिनिधित्व कौन करता है?
(a) राज्यपाल (b) मुख्यमंत्री
(c) विधान सभाध्यक्ष (d) कैबिनेट सचिव

38. राज्य का मुख्यमंत्री-
1. राज्य विधान सभा द्वारा चुना जाता है
2. मंत्रिपरिषद् के सदस्यों द्वारा नियुक्त किया जाता है
3. मंत्रिपरिषद् की शक्ति को निर्धारित करता है
4. मंत्रिपरिषद् का वेतन निर्धारित करता है

नीचे दिये गये कूटों में कौन सही हैं?
(a) II, एवं IV (b) I, III एवं IV
(c) केवल II (d) I एवं II

39. किसी भारतीय राज्य की प्रथम महिला मुख्यमंत्री बनी–
   (a) सुचेता कृपलानी
   (b) विजयलक्ष्मी पंडित
   (c) नन्दिनी सत्पथी
   (d) सरोजिनी नायडू

40. क्या राज्य विधानपरिषद् के लिए निर्वाचित कोई व्यक्ति मुख्यमंत्री बन सकता है ?
   (a) संविधान में ऐसा कोई उपबंध नहीं है
   (b) नहीं
   (c) ऐसी कोई परम्परा स्थापित नहीं हुई है
   (d) हां, यदि उसके दल का राज्य की विधानसभा में बहुमत है।

41. संविधान के अनुसार राज्य मंत्रिमपरिषद् में कितने सदस्य हो सकेंगे ?
   (a) एक मुख्यमंत्री और 20 अन्य मंत्री
   (b) एक मुख्यमंत्री और अन्य उतने मंत्री जितने राज्यपाल समय-समय पर नियुक्त करे
   (c) विधानसभा की कुल सदस्य संख्या का 15% तक ही
   (d) कुल 35 मंत्री।

42. भारत में राज्य विधानपालिकाओं का उच्च सदन कौन-सा है ?
   (a) विधानपालिका परिषद्
   (b) विधानपालिका समिति
   (c) राज्यपाल का कार्यालय
   (d) इनमें से कोई नहीं

43. निम्नलिखित राज्यों में कहां विधान परिषद् है/हैं ?
   (a) केरल
   (b) हिमाचल प्रदेश
   (c) दिल्ली
   (d) बिहार

## उत्तरमाला

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **1.** (d) | **2.** (a) | **3.** (d) | **4.** (c) | **5.** (b) | **6.** (d) | **7.** (d) | **8.** (a) | **9.** (b) | **10.** (a) |
| **11.** (d) | **12.** (c) | **13.** (a) | **14.** (d) | **15.** (c) | **16.** (b) | **17.** (c) | **18.** (d) | **19.** (d) | **20.** (b) |
| **21.** (d) | **22.** (c) | **23.** (d) | **24.** (a) | **25.** (d) | **26.** (b) | **27.** (c) | **28.** (c) | **29.** (b) | **30.** (a) |
| **31.** (c) | **32.** (a) | **33.** (b) | **34.** (a) | **35.** (c) | **36.** (c) | **37.** (b) | **38.** (c) | **39.** (a) | **40.** (c) |
| **41.** (c) | **42.** (a) | **43.** (d) | | | | | | | |

# पंचायती राजव्यवस्था

1. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–
   1. भारत के संविधान के भाग IX में पंचायतों से संबंधित उपबंध हैं और उसे संविधान (73वां संशोधन) अधिनियम, 1992 द्वारा अंत: स्थापित किया गया।
   2. भारत के संविधान के भाग IX A में नगरपालिकाओं से संबद्ध उपबंध हैं तथा अनुच्छेद 243 Q के अनुसार प्रत्येक राज्य के लिए दो प्रकार की नगरपालिकाएं हो सकती हैं—नगरपालिका परिषद् और नगर निगम।

   उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?
   (a) केवल 1 (b) केवल 2
   (c) दोनों 1 और 2 (d) न ही 1 और न ही 2

2. एक कॉलेज का विद्यार्थी अपने नगर की नगर परिषद में चुने जाने का इच्छुक है। उसके नामांकन की वैद्यता अन्य शर्तों के साथ-साथ इस महत्वपूर्ण शर्त पर निर्भर होगी कि–
   (a) वह अपने कॉलेज के प्राचार्य से अनुमति प्राप्त कर ले
   (b) वह किसी राजनीतिक दल का सदस्य हो
   (c) उसका नाम मतदाता सूची में सम्मिलित हो
   (d) वह भारतीय संविधान के प्रति निष्ठा की घोषणा दाखिल करें

3. '..........लाखों-करोड़ों पुरुष एवं स्त्री श्रमिकों में, जो वास्तव में काम करते हैं, परस्पर हिस्सेदारी एवं सहयोगपूर्ण निष्पादन की भावना भर देना.........'

   उपर्युक्त अंश संबंधित है
   (a) सुनियोजित विकास से
   (b) सामुदायिक विकास से
   (c) पंचायती राज प्रणाली से
   (d) एकीकृत विकास कार्यक्रम से

4. सूची-I (स्थानीय निकाय) को सूची-II (राज्य 1999 की स्थिति के अनुसार) के साथ सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग करते हुए सही उत्तर चुनिए–

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| A. उप-प्रभाग स्तर पर जिला परिषद् | 1. आंध्र प्रदेश |
| B. मंडल प्रजा परिषद् | 2. असम |
| C. जनजातीय परिषद् | 3. मिजोरम |
| D. ग्राम पंचायतों का अभाव | 4. मेघालय |

**कूट:**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (b) | 1 | 2 | 4 | 3 |
| (c) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (d) | 2 | 1 | 3 | 4 |

5. 1993 में अधिनियमित नए पंचायती राज बिल में पहले से हटकर अनेक नए प्रावधान हैं। निम्नलिखित में से कौन-सा एक ऐसा प्रावधान नहीं है ?
   (a) अन्य क्षेत्रों के साथ-साथ कृषि, ग्रामीण विकास, प्राथमिक शिक्षा और सामाजिक वानिकी के क्षेत्र में अनेक सम्मिलित दायित्व
   (b) सभी पदों के लिए, उनके रिक्त होने पर, निर्वाचनों का आज्ञापक किया जाना
   (c) पंचायतों में, एक-तिहाई पदों तक, महिलाओं का सांविधिक प्रतिनिधित्व
   (d) पंचायत के सदस्यों के लिए नियमित पारिश्रमिक, ताकि उनकी समय पाबंदी और जवाबदेही सुनिश्चित हो

6. अक्तूबर 1959 में पंचायत राज भारत में सर्वप्रथम आरम्भ किया गया–
   (a) राजस्थान में (b) तमिलनाडु में
   (c) केरल में (d) कर्नाटक में

7. पंचायती राज व्यवस्था में शासन प्रणाली की संरचना क्या है ?
   (a) ग्राम स्तर पर स्थानीय स्वशासन की एक-स्तरीय संरचना
   (b) ग्राम और खंड स्तर पर स्थानीय स्वशासन की द्विस्तरीय संरचना
   (c) ग्राम, खंड, और जिला स्तर पर स्थानीय स्वाशासन की त्रिस्तरीय संरचना
   (d) ग्राम, खंड, जिला और राज्य स्तर पर स्थानीय स्वशासन की चतु:स्तरीय संरचना

8. भारत में स्थानीय शासन के विषय में निम्नलिखित में से कौन सा सही नहीं है ?
   (a) भारतीय संविधान के अनुसार परिसंघीय प्रणाली में स्थानीय शासन जैसी कोई स्वतंत्र कोटि नहीं है
   (b) स्थानीय निकायों के 30% स्थान स्त्रियों के लिए आरक्षित हैं
   (c) स्थानीय शासन के लिए वित्त का उपबंध एक आयोग करता है
   (d) स्थानीय निकायों के लिए निर्वाचन का निर्धारण एक आयोग करता

9. केन्द्र-राज्य संबंधों को विशेष रूप से किस प्रसंग में 'म्यूनीसिपल संबंध' कहा गया है ?
   (a) विधायन के क्षेत्र में राज्य पर केन्द्र के नियंत्रण के प्रसंग में
   (b) वित्तिय मामलों में राज्य पर केन्द्र के नियंत्रण के प्रसंग में
   (c) प्रशासनिक क्षेत्रक में राज्य पर केन्द्र के नियंत्रण के प्रसंग में
   (d) योजना प्रक्रम में राज्य पर केन्द्र के नियंत्रण के प्रसंग में

**10.** निम्न कथनों पर विचार करें–

1. पंचायती राज की संकल्पना सत्ता के विकेन्द्रीकरण से संबंधित है।
2. पंचायतों के माध्यम से गांवों का विकास करना, गांव की समस्याएं स्थानीय स्तर पर हल करना।
3. ग्रामीण समुदाय को प्रत्येक क्षेत्र में पूर्ण स्वावलम्बी बनाना है।
4. पंचायती राज की सफलता पर ही भारतीय लोकतंत्र का भविष्य निर्भर करता है।

उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

(a) 1, 2 और 3 (b) 2, 3 और 4
(c) 1, 2, 3 और 4 (d) 1, 3 और 4

**11.** बलवन्त राय मेहता समिति ने कितने स्तरीय पंचायती व्यवस्था स्थापित करने की सिफारिश की थी ?

(a) एक स्तरीय (b) द्वि स्तरीय
(c) तृतीय स्तरीय (d) चतुर्थ स्तरीय

**12.** प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने पंचायती राज का सबसे पहला उद्घाटन कब किया था ?

(a) 2 अक्टूबर, 1958 को राजस्थान के नागौर जिले में
(b) 15 अगस्त, 1959 को राजस्थान के नागौर जिले में
(c) 2 अक्टूबर, 1959 को राजस्थान के नागौर जिले में
(d) 2 अक्टूबर, 1960 को राजस्थान के नागौर जिले में

**13.** अशोक मेहता समिति ने कितने स्तरीय पंचायती राज व्यवस्था की सिफारिश की थी ?

(a) एक स्तरीय (b) द्वि स्तरीय
(c) तृतीय स्तरीय (d) कोई नहीं

**14.** अशोक मेहता समिति ने पंचायती राज के संबंध में कौन-सा सुझाव दिया है ?

(a) पंचायती राज व्यवस्था को समाप्त किया जाए
(b) अनेक गांवों के लिए एक पंचायत की स्थापना की जाए
(c) जिला परिषद् और मंडल पंचायत नामक द्विस्तरीय पंचायती राज की व्यवस्था की जाए
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

**15.** 73वें संविधान संशोधन के संबंध में विचार करें–

1. राज्यों में त्रिस्तरीय पंचायत क्रमशः गांव स्तर, खंड स्तर व जिला स्तर पर गठन किया जाएगा।
2. पंचायत के सभी सदस्यों का चुनाव व्यस्क मताधिकार के आधार पर पाँच वर्ष के लिए किया जाएगा।
3. गांव स्तर के पंचायत के अध्यक्ष का चुनाव प्रत्यक्ष तथा खंड स्तर तथा जिला स्तर के पंचायत के अध्यक्ष का चुनाव अप्रत्यक्ष रूप से किया जाऐगा।
4. पंचायत के सभी स्तरों पर महिलाओं के लिए 33% तथा अनुसूचित जाति या जनजाति के सदस्यों के लिए उनके अनुपात में आरक्षण प्रदान किया जाऐगा।

उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

(a) 1, 2 और 3 (b) 2, 3 और 4
(c) 1, 3 और 4 (d) सभी

**16.** पंचायती राज व्यवस्था को विभिन्न राज्यों में कब लागू किया गया ?

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| A. 1959 | 1. तमिलनाडु |
| B. 1960 | 2. महाराष्ट्र |
| C. 1962 | 3. असम |
| D. 1963 | 4. राजस्थान |

कूट:

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (b) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (c) | 4 | 2 | 1 | 3 |
| (d) | 3 | 2 | 4 | 1 |

**17.** पंचायती राज से संबंधित समितियों का गठन कब किया गया ? सूची-I को सूची-II के साथ सुमेलित करें–

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| A. बलवंत राय मेहता समिति | 1. 1986 |
| B. अशोक मेहता समिति | 2. 1985 |
| C. जी.के.वी. राव समिति | 3. 1957 |
| D. एल.एम.सिंघवी समिति | 4. 1977 |

कूट:

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (b) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (c) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (d) | 3 | 1 | 2 | 4 |

**18.** 73वें संविधान संशोधन के संबंध में विचार करें–

1. संविधान संशोधन के द्वारा भाग 9 जोड़ा गया।
2. भाग 9 में 16 अनुच्छेद हैं।
3. 73वें संशोधन के बाद संविधान में 11वीं अनुसूची जोड़ी गई।
4. 73वें संविधान संशोधन में नगर पालिका को भी शामिल किया गया।

उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

(a) 1 और 2 (b) 2 और 3
(c) 3 और 4 (d) 1, 2 और 3

19. पंचायतें यदि समय से पहले भंग होती है तो कितने समय के भीतर उनका चुनाव होना अनिवार्य है ?
(a) 2 वर्ष के अंदर (b) 1 वर्ष के अंदर
(c) 3 महीने के अंदर (d) 6 महीने के अंदर

20. पंचायत के चुनाव कराने हेतु निर्णय किसके द्वारा लिया जाता है ?
(a) केन्द्र सरकार (b) राज्य सरकार
(c) जिला न्यायाधीश (d) चुनाव आयोग

21. भारत के संविधान में पंचायतों तथा नगरपालिकाओं से सम्बद्ध 73वें और 74वें संवैधानिक संशोधन जब हुए उस समय भारत के प्रधानमंत्री कौन थे ?
(a) इन्दिरा गांधी (b) राजीव गांधी
(c) पी. वी. नरसिम्ह राव (d) वी. पी. सिंह

22. **कथन (A):** पंचायतों के प्रधान, प्रमुख तथा अध्यक्ष के पदों में महिलाओं के लिए जिनमें अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा पिछड़ी जाति की महिलाएँ सम्मिलित हैं, आरक्षण से उनके क्रियाकलाप में एक सुस्पष्ट परिवर्तन आया है।

**कारण (R):** ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाएँ इस आरक्षण की माँग लम्बे समय से कर रही थीं।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर अपना उत्तर चुनिए-

**कूट:**
(a) A तथा R दोनों सही हैं, और R, A की सही व्याख्या है
(b) A तथा R दोनों सही हैं, किन्तु R, A की सही व्याख्या नहीं है
(c) A सही है, किन्तु R गलत है।
(d) A गलत है, किन्तु R सही है।

23. भारत में पंचायती राज प्रतिनिधित्व करता है-
(a) शक्तियों का विकेन्द्रीकरण
(b) लोगों की हिस्सेदारी
(c) सामुदायिक विकास
(d) ये सभी

24. भारत में त्रिस्तरीय पंचायती राजतंत्र की सिफारिश की थी-
(a) अशोक मेहता समिति ने
(b) बलवंत राय मेहता समिति ने
(c) जी. के. वी. राव समिति ने
(d) एल. एम. सिंघवी समिति ने

25. जिस समिति की सिफारिश पर भारत में पंचायती राज की स्थापना की गई, उसका अध्यक्ष कौन था ?
(a) अशोक मेहता (b) डॉ. इकबाल नारायण
(c) बलवंत राय मेहता (d) जगजीवन राम

26. पंचायती राज व्यवस्था के अध्ययन के लिए 1977 में किस समिति का गठन किया गया ?
(a) डॉ. पी.वी.के. राव समिति
(b) बलवंत राय मेहता समिति
(c) अशोक मेहता समिति
(d) राजमन्नार समिति

27. संविधान का 73वां संशोधन संबंधित है-
(a) राष्ट्रपति पर महाभियोग से
(b) चुनाव आयोग की नियुक्ति से
(c) शैक्षणिक संस्थाओं में सीटों के आरक्षण से
(d) पंचायती राज प्रणाली से

28. संविधान के 73वें संशोधन ने प्रावधान किया है-
(1) पंचायतों के नियमित चुनाव कराने के लिये
(2) महिलाओं के लिये सभी स्तरों पर स्थानों के आरक्षण के लिये
(3) राज्य वित्त आयोग की संस्तुति के अनुसार पंचायतों को फन्ड्स का अनिवार्य रूप से हस्तांतरण
(4) 11वीं अनुसूची में दिये विषयों के संबंध में पंचायतों को शक्ति का अनिवार्य रूप से हस्तांतरण

नीचे दिये कूट में से सही उत्तर का चयन कीजिये-
(a) 1 और 2
(b) 1, 2 और 3
(c) 2, 3 और 4
(d) उपर्युक्त सभी

29. भारतीय संविधान का 73वां संशोधन प्रावधान करता है-
(a) पहली बार पंचायती राज का
(b) पंचायतों पर प्रशासकीय नियंत्रण हटाने का
(c) पंचायत चुनावों की विधि में परिवर्तनों का
(d) पंचायत चुनावों को आदेशात्मक तथा लोक सभा एवं विधान सभा चुनावों के समकक्ष बनाने का

30. महिलाओं को पंचायतों में आरक्षण भारतीय संविधान में संशोधन करके दिया गया है, वह है-
(a) 1992 का 70वां संशोधन
(b) 1992 का 73वां संशोधन
(c) 1992 का 74वां संशोधन
(d) 1994 का 7वां संशोधन

31. पंचायती राज की तिरिस्तरीय प्रणाली में आते हैं-
(a) ग्राम पंचायत, पंचायत समिति, ब्लॉक समिति
(b) ग्राम पंचायत, ब्लॉक समिति, जिला परिषद
(c) ब्लॉक समिति, जिला परिषद, पंचायत समिति
(d) ग्राम पंचायत, पंचायत समिति, जिला परिषद।

32. एक क्षेत्र पंचायत का क्षेत्र निर्धारित किया जाता है-
(a) राज्य चुनाव आयोग
(b) राज्य सरकार द्वारा
(c) मण्डल के आयुक्त द्वारा
(d) जनपद के जिलाधिकारी द्वारा

33. भारत में इनमें से कौन-सा विषय पंचायती राज संस्थाओं की शक्तियों के अन्तर्गत नहीं जात हैं ?
(a) भूमि-सुधारों का क्रियान्वयन
(b) न्यायिक पुनर्वीक्षण
(c) निर्धनता निवारण कार्यक्रमों का क्रियान्वयन
(d) इनमें से कोई नहीं

34. राज्य वित्त आयोग का गठन भारतीय संविधान के अंतर्गत किया जाता है-
(a) अनुच्छेद 243 (एच) के अनुसार
(b) अनुच्छेद 243 (वाई) के अनुसार
(c) अनुच्छेद 243 (जे) के अनुसार
(d) अनुच्छेद 243 (के) के अनुसार

35. पंचायती राज संस्थाओं की स्थापना किस स्तर पर नही की गई है-
(a) राज्य स्तर (b) प्रखण्ड स्तर
(c) ग्राम पंचायत स्तर (d) जिला स्तर

## उत्तरमाला

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **1.** (a) | **2.** (c) | **3.** (b) | **4.** (a) | **5.** (d) | **6.** (a) | **7.** (c) | **8.** (b) | **9.** (d) | **10.** (c) |
| **11.** (c) | **12.** (c) | **13.** (b) | **14.** (c) | **15.** (d) | **16.** (b) | **17.** (b) | **18.** (d) | **19.** (d) | **20.** (b) |
| **21.** (c) | **22.** (b) | **23.** (d) | **24.** (b) | **25.** (b) | **26.** (c) | **27.** (d) | **28.** (d) | **29.** (a) | **30.** (b) |
| **31.** (d) | **32.** (a) | **33.** (b) | **34.** (b) | **35.** (a) | | | | | |

# संवैधानिक निकाय

1. निम्नलिखित में से कौन सा आयोग भारत के संविधान के एक अनुच्छेद के अन्तर्गत सुस्पष्ट उपबंध के पालन में गठित हुआ ?
   (a) विश्वविद्यालय अनुदान आयोग
   (b) राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग
   (c) निर्वाचन आयोग
   (d) केन्द्रीय सतर्कता आयोग

2. निम्नलिखित कार्यों पर विचार कीजिए-
   1. स्वतंत्र तथा निष्पक्ष चुनावों का अधीक्षण, निदेशन तथा संचालन।
   2. संसद, राज्यों की विधायिकाओं, राष्ट्रपति तथा उप-राष्ट्रपति के चुनावों की निर्वाचक नामावली तैयार करना।
   3. चुनाव लड़ने वाले व्यक्तियों तथा राजनीतिक दलों को चुनाव चिह्न देना तथा राजनीतिक दलों को मान्यता देना।
   4. चुनाव विवादों में अन्तिम निर्णय की उद्घोषणा।

   उपरोक्त में से भारत के चुनाव आयोग के कौन-से कार्य हैं ?
   (a) 1, 2, और 3  (b) 2, 3 और 4
   (c) 1 और 3  (d) 1, 2 और 4

3. भारत के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-
   1. मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्तों को समान अधिकार प्राप्त हैं परन्तु मिलने वाले वेतन में असमानता है।
   2. मुख्य चुनाव आयुक्त वही वेतन पाने का हकदार है जितना उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश को दिया जाता है।
   3. मुख्य चुनाव आयुक्त को उच्चतम न्यायालय के किसी न्यायाधीश को हटाने के तरीके और कारणों के अतिरिक्त किसी अन्य तरीके और कारण से उसके पद से नहीं हटाया जा सकता।
   4. चुनाव आयुक्त का कार्यकाल उसके पदभार संभालने की तारीख से पाँच वर्ष अथवा उसके 62 वर्ष की आयु प्राप्त कर लेने के दिन तक, जो भी पहले हो, होता है।

   इनमें से कौन-कौन से कथन सही हैं ?
   (a) 1 और 2  (b) 2 और 3
   (c) 1 और 4  (d) 2 और 4

4. संसद की किस समिति का सदस्य कोई मंत्री नहीं हो सकता है ?
   (1) लोक सेवा समिति  (2) अनुमान समिति
   (3) लोक उद्यम समिति  (4) नई स्थायी संसदीय समितियां

   उपर्युक्त में से सही का चयन कीजिए:
   (a) केवल 1
   (b) 1 और 2
   (c) केवल 2
   (d) उपरोक्त किसी भी समिति का सदस्य कोई मंत्री नहीं हो सकता

5. भारत के राजनीतिक दलों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-
   1. जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 राजनीतिक दलों के पंजीकरण का प्रावधान करता है।
   2. राजनीतिक दलों का पंजीकरण निर्वाचन आयोग करता है।
   3. राष्ट्रीय स्तर का राजनैतिक दल वह है जिसे चार या अधिक राज्यों में मान्यता प्राप्त है।
   4. 1999 के आम चुनाव में निर्वाचन आयोग द्वारा मान्यता प्राप्त 6 राष्ट्रीय और 48 राज्यस्तरीय दल थे।

   इन कथनों में से कौन-कौन से सही हैं ?
   (a) 1, 2 और 4  (b) 1 और 3
   (c) 2 और 4  (d) 1, 2, 3 और 4

6. लोकसभा में अनुसूचित जनजातियों के लिए जिस राज्य में सर्वाधिक आरक्षित सीटें हैं, वह है-
   (a) बिहार  (b) गुजरात
   (c) उत्तर प्रदेश  (d) मध्य प्रदेश

7. जन प्रतिनिधित्व (संशोधन) अधिनियम 1996 द्वारा निर्वाचन विधि में हुए हाल के संशोधनों के विषय में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-
   1. भारतीय राष्ट्रीय ध्वज अथवा भारत के संविधान के अपमान के अपराध के लिए किसी दोषसिद्धि के होने पर दोषसिद्धि की तिथि से छ: वर्षो के लिए संसद और राज्य विधान मंडलों के चुनाव लड़ने की अयोग्यता हो जाएगी।
   2. लोकसभा के लिए चुनाव लड़ने हेतु अभ्यर्थी द्वारा जमा किए जाने वाले प्रतिभूति निक्षेप में वृद्धि की गई है।
   3. कोई अभ्यर्थी अब एक से अधिक संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से निर्वाचन के लिए खड़ा नहीं हो सकता।
   4. चुनाव लड़ने वाले किसी अभ्यर्थी की मृत्यु हो जाने पर अब किसी निर्वाचन का प्रत्यादिष्ट नहीं किया जा सकता।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन से सही हैं ?
   (a) 2 और 3  (b) 1, 2 और 4
   (c) 1 2, 3, 4  (d) 1 और 3

8. भारत के संविधान की निम्नलिखित में से कौन-सी अनुसूची में दल-बदल विरोधी कानून विषयक प्रावधान है ?
   (a) दूसरी अनुसूची
   (b) पाँचवीं अनुसूची
   (c) आठवीं अनुसूची
   (d) दसवीं अनुसूची

9. दिनेश गोस्वामी समिति ने सिफारिश की थी–
   (a) राज्य स्तरीय निर्वाचन आयोगों के गठन की
   (b) लोकसभा के चुनाव के लिए सूची-पद्धति की
   (c) लोक सभा के चुनाव के सरकारी निधीयन की
   (d) लोकसभा के चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशियों की अभ्यर्थता पर प्रतिबंध की

10. उस देश में आनुपातिक प्रतिनिधित्व आवश्यक नहीं है जहाँ–
   (a) कोई आरक्षित निर्वाचन क्षेत्र नहीं है
   (b) द्विदलीय प्रणाली विकसित हुई है
   (c) पहला आए सब ले जाए (फर्स्ट-पास्ट-दी-पोस्ट) पद्धति प्रचलित है
   (d) राष्ट्रपति और संसदीय शासन प्रणाली का सम्मिश्रण है

11. यदि लोकलेखा समिति का कोई सदस्य मंत्री नियुक्त हो जाता है, तो समिति से उसकी सदस्यता कब समाप्त हो जाएगी?
   (a) 30 दिन के भीतर
   (b) मंत्री पद पर नियुक्ति की तिथि से वह समिति का सदस्य नहीं रहेगा
   (c) उसे 14 दिन के भीतर समिति की सदस्यता त्यागनी होगी
   (d) सभापति की स्थिति में सदस्यता पर कोई आंच नहीं आएगी

12. किस समिति के अध्यक्ष पद पर विरोधी दल के सांसद को नियुक्त करने की परम्परा है?
   (a) अनुमान समिति
   (b) लोक उद्यम समिति
   (c) लोक लेखा समिति
   (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

13. भारत में निर्वाचन प्रक्रम के आरंभ के विषय में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?
   (a) सरकार द्वारा निर्वाचन की सिफारिश और निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन की अधिसूचना जारी किया जाना
   (b) निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन की सिफारिश और केन्द्र में गृह मंत्रालय द्वारा तथा राज्यों में गृह विभागों द्वारा निर्वाचन की अधिसूचना जारी किया जाना
   (c) निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन की सिफारिश और राष्ट्रपति अथवा राज्य के राज्यपाल द्वारा निर्वाचन की अधिसूचना जारी किया जाना
   (d) निर्वाचन की सिफारिश और उसकी अधिसूचना जारी किया जाना दोनों ही कार्यों का निर्वाचन आयोग द्वारा किया जाना

14. यदि किसी राज्य विधान सभा के निर्वाचन में निर्वाचित घोषित होने वाला प्रत्याशी अपनी निक्षिप्त राशि खो देता है तो उसका अर्थ है कि–
   (a) मतदान बहुत कम हुआ
   (b) बहुसदस्यीय निर्वाचन क्षेत्र के लिए निर्वाचन था
   (c) निर्वाचित प्रत्याशी की अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी पर विजय बहुत कम मतों से थी
   (d) निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्याशियों की संख्या बहुत अधिक थी

15. **कथन (A):** भारत में केन्द्रीय लोकसभा और राज्यों की विधान सभाओं के निर्वाचन में सदस्यों का बहुमत पाने वाले राजनैतिक दल ही सरकार बनाते रहे हैं न कि मतों का बहुमत पाने वाले।

   **कारण (R):** बहुमत प्रणाली पर आधारित निर्वाचनों में प्राप्त मतों की आपेक्षिक बहुलता के आधार पर ही परिणाम का निर्णय होता है।

16. 'निर्गम मत सर्वेक्षण' के विषय में कौन-सा कथन सही है?
   (a) 'निर्गम मत सर्वेक्षण' अभिव्यक्ति का प्रयोग मतदाताओं के उस निर्वाचनोत्तर सर्वेक्षण को व्यक्त करता है जिससे यह पता चले कि मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किस प्रत्याशी के पक्ष में किया
   (b) 'निर्गम मत सर्वेक्षण' और 'जनमत सर्वेक्षण' एक ही बात है
   (c) 'निर्गम मत सर्वेक्षण' वह युक्ति है जिससे मतदान के परिणामों के विषय में अधिकतम सही पूर्वानुमान किया जा सकता है
   (d) 'निर्गम मत सर्वेक्षण' हाल ही में मुख्य निर्वाचन आयुक्त द्वारा निकाली गयी प्रशासनिक युक्ति है जिससे पररूपधारण करके मतदान रोका जा सकता है

17. भारत के निर्वाचन आयोग के निम्नलिखित में से कौन से कृत्य हैं?
   1. लोक सभा के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष तथा राज्य सभा के उपसभापति के पदों के लिए निर्वाचन करवाना
   2. नगरपालिकाओं और नगर निगमों के लिए निर्वाचन करवाना
   3. निर्वाचनों से उत्पन्न सभी संदेहों और विवादों का निर्णय कीजिए

   नीचे दिए हुए कूटों से सही उत्तर का चयन कीजिए:
   (a) 1 और 2
   (b) 1 और 3
   (c) 2 और 3
   (d) कोई नही

18. भारत में विविध निर्वाचनों के लिए निम्नलिखित में से कौन-कौन सी निर्वाचन प्रणालियाँ स्वीकृत की गई हैं?
   1. वयस्क मताधिकार के आधार पर प्रत्यक्ष निर्वाचन प्रणाली
   2. एकल संक्रमणीय मत के द्वारा आनुपातिक प्रतिनिधित्व की प्रणाली
   3. आनुपातिक प्रतिनिधित्व की सूची प्रणाली
   4. अप्रत्यक्ष निर्वाचन की संचयी मतदान प्रणाली

   नीचे दिए हुए कूटों से सही उत्तर का चयन कीजिए–

   कूट:
   (a) 1 और 2
   (b) 1 और 3
   (c) 1, 2 और 3
   (d) 2, 3 और 4

**19.** निर्वाचन आयोग के संबंध में विचार करें-

1. संविधान के अनुच्छेद 324 से 329 तक निर्वाचन आयोग से संबंधित है।
2. निर्वाचन आयोग संसद व प्रत्येक राज्य की विधायिका के निर्वाचन का संचालन एवं राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति का निर्वाचन करवाता है।

उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 (d) कोई नहीं

**20.** निर्वाचन आयोग के संबंध में निम्न कथनों पर ध्यान दें-

1. मुख्य निर्वाचन आयुक्त का दर्जा उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश के समकक्ष होता है।
2. निर्वाचन अधिकारी का कार्यकाल 5 वर्ष का होता है।
3. मुख्य निर्वाचन आयुक्त को प्रधानमंत्री हटा सकता है।

उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से असत्य है/हैं ?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) केवल 3
(d) 2 और 3

**21.** निर्वाचन आयोग के कार्यों में शामिल है-

1. निर्वाचन सूची तैयार करना।
2. चुनाव में अनियमितताओं के विरुद्ध याचिकाओं को प्राप्त करना तथा सुनवाई के लिए अधिकरणों की नियुक्ति करना।
3. चुनाव में प्रत्याशियों द्वारा किए गए चुनावी खर्चों की जांच करना।
4. चुनाव के लिए आचार संहिता का निर्माण करना।

उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

(a) 1, 2 और 3
(b) 2, 3 और 4
(c) 1, 3 और 4
(d) उपरोक्त सभी

**22.** मुख्य निर्वाचन आयुक्त को पद से हटाया जा सकता है-

1. अक्षमता और सिद्ध कदाचार के आरोप पर संसद के दोनों सदनो से विशेष बहुमत द्वारा प्रस्ताव पारित होने पर।
2. मुख्य निर्वाचन आयुक्त को पद से हटाने के लिए वही विधि है जो उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश के लिए है।

उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 (d) उपरोक्त मे से कोई नहीं

**23.** चुनाव सुधारों से संबंधित दिनेश गोस्वामी समिति के सिफारिशों पर विचार करें-

1. रिक्त हुए स्थान के उपचुनाव एक वर्ष के भीतर होना अनिर्वाय है।
2. मतदाताओं को परिचय पत्र दिया जाए।
3. इलैक्ट्रोनिक वोटिंग मशीन का प्रयोग किया जाये।
4. जहां सीटें आरक्षित है वहां रोटेशन प्रणाली अपनायी जाऐ।

उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

(a) 1, 2 और 3 (b) 2, 3 और 4
(c) 3 और 4 (d) केवल 4

**24.** जन प्रतिनिधि संशोधन अधिनियम 1996 के अनुसार क्या व्यवस्था की गई है ?

1. एक व्यक्ति एक साथ लोक सभा तथा विधान सभा का चुनाव नहीं लड़ सकता।
2. जमानत की राशि पर परिवर्तन किया गया।
3. चुनाव के दौरान किसी राजनीतिक दल के उम्मीदवार की मृत्यु हो जाने पर भी चुनाव रद्द नहीं किया जाएगा।

उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

(a) 1, 2 और 3 (b) 1 और 2
(c) 2 और 3 (d) 1 और 3

**25.** निर्वाचन आयोग के कार्यों में शामिल है-

1. राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, सामान्य चुनाव, संसद एवं विधानमंडलों के उपचुनाव करवाना।
2. राजनीतिक दलों को मान्यता देना।
3. राजनीतिक दलों और निर्दलीय उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह प्रदान करना।
4. देश में स्वतंत्र तथा निष्पक्ष चुनाव कराने की व्यवस्था करना।

उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

(a) 1, 2 और 3 (b) 2, 3 और 4
(c) 1, 3 और 4 (d) उपरोक्त सभी

**26.** निम्न कथनों पर विचार करें

1. यदि संसद के किसी सदस्य की योग्यता के संबंध में कोई विवाद उत्पन्न होता है तो राष्ट्रपति चुनाव आयोग की सलाह से उस विवाद का निर्णय कर सकता है।
2. यदि राज्य विधानमंडल के किसी सदस्य की योग्यता के संबंध में कोई विवाद उत्पन्न होता है तो राज्यपाल चुनाव आयोग की सलाह से उस विवाद का निपटारा कर सकता है।
3. दल बदल से संबंधित विवाद का निपटारा संबंधित सदन करता है।

उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

(a) 1, 2 और 3 (b) 1 और 2
(c) 2 और 3 (d) 1 और 3

27. तारकुंडे समिति की सिफारिशों पर ध्यान दें-
   1. मताधिकार की आयु 21 वर्ष से घटाकर 18 वर्ष कर दी जाए।
   2. राजनीतिक दलों के लिए आय के स्रोतों तथा व्यय का पूरा ब्योरा लिखित रूप में अनिवार्य कर दिया गया है।
   3. चुनाव के दौरान उम्मीदवारों ने जो खर्च किये हैं उनकी जांच कराई जाए।
   4. राजनीतिक दलों द्वारा उम्मीदवार पर जो खर्च किये जाते हैं उस खर्च को उम्मीदवार के खर्च में शामिल किया जाए।

उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

(a) 1, 2 और 3 (b) 1 और 2
(c) 3 और 4 (d) उपरोक्त सभी

## उत्तरमाला

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **1.** (c) | **2.** (a) | **3.** (b) | **4.** (c) | **5.** (d) | **6.** (d) | **7.** (b) | **8.** (d) | **9.** (b) | **10.** (b) |
| **11.** (c) | **12.** (c) | **13.** (a) | **14.** (d) | **15.** (a) | **16.** (a) | **17.** (d) | **18.** (a) | **19.** (c) | **20.** (d) |
| **21.** (d) | **22.** (c) | **23.** (b) | **24.** (a) | **25.** (d) | **26.** (a) | **27.** (d) | | | |